


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र


प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-193 सीहोर, मंगलवार 16 सितम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# बिहार एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

## - गैरकानूनी प्रक्रिया मिली तो पूरी कवायद कर दी जाएगी रद्द, असर पूरे देश पर पड़ेगा

नई दिल्ली,(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिहार में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए भरोसा दिलाया कि यदि प्रक्रिया गैरकानूनी हुई तो पूरी कवायद रद्ध कर दी जाएगी। अदालत ने कहा कि यदि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची संशोधन में किसी भी तरह की गैरकानूनी प्रक्रिया अपनाई है, तो पूरा अभियान रद्द किया जा सकता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह फैसला केवल बिहार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे देश में चल रही SIR कवायदों पर लागू होगा।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि सुप्रीम कोर्ट मानकर चलता है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और कानून का पालन करता है। इसके बावजूद यदि गड़बड़ियां पाई जाती हैं, तो कठोर कदम उठाए जाएंगे। अदालत ने इस मामले में अंतिम बहस और सुनवाई के लिए 7 अक्टूबर की तारीख तय की है।




गौरतलब है कि पिछले सोमवार को अदालत ने आदेश दिया था कि मतदाता सूची संशोधन के लिए आधार कार्ड को भी वैध दस्तावेज माना जाए। इससे पहले चुनाव अधिकारियों पर शिकायतें आई थीं कि वे आधार को स्वीकार नहीं कर रहे। चुनाव आयोग की आपत्तियों को खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि आधार नागरिकता का सबूत नहीं है, लेकिन यह पहचान और निवास का ठोस प्रमाण है, इसलिए इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता।

### विपक्ष लगातार उठा रहा सवाल

बिहार में जारी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दल लगातार सवाल उठा रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि आयोग असली मतदाताओं के नाम बिना पूरी जांच के ही हटा रहा है। उनका कहना है कि नाम जोड़ने के लिए आयोग ने 11 दस्तावेजों को वैध माना है, लेकिन आधार को शामिल नहीं किया, जबकि यह सबसे सामान्य और सुलभ पहचान पत्र है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सुप्रीम कोर्ट का यह रुख बिहार ही नहीं, बल्कि देशभर के चुनावी सुधारों पर गहरा असर डाल सकता है। यदि अदालत गैरकानूनी प्रक्रियाओं पर सख्ती दिखाती है, तो मतदाता सूची संशोधन की पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और भविष्य में गड़बड़ियों की संभावना कम होगी।



मुम्बई में एक मोनोरेल ट्रेन तकनीकी खराबी के कारण अचानक पटरी पर रुक गई।

## मुस्लिम महिला से 25-25 बच्चे और फिर 3 तलाक', स्वामी रामभद्राचार्य के बयान से फिर मचा बवाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। रामभद्राचार्य एक बार फिर कुछ ऐसा कह दिया है, जिसे लेकर बवाल मच गया है। स्वामी रामभद्राचार्य ने इस बार मुस्लिम औरतों और इस्लाम को लेकर बयान दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कॉन्वेंट स्कूलों में बच्चों की शिक्षा को लेकर भी बयान दिया है।उत्तर प्रदेश के मेरठ के विक्टोरिया पार्क में चल रही रामकथा के दौरान स्वामी रामभद्राचार्य ने महिलाओं की संवतंत्रता और शिक्षा पर बात करते हुए कहा कि उन्होंने इस्लाम धर्म पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इस्लाम में महिलाओं की दुर्गति होती है। इस्लाम में एक-एक मुस्लिम महिला से 25-25 पैदा करतीं हैं फिर 3 तलाक देकर उसे छोड़ दिया जाता है।

## वित्त मंत्रालय के अफसर की मौत के मामले में बीएमडब्ल्यू चालक महिला गिरफ्तार, गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली छावनी मेट्रो स्टेशन के पास हुए दर्दनाक बीएमडब्ल्यू कार हादसे में वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी नवजोत सिंह की मौत के मामले में दिल्ली पुलिस ने बड़ा ऐक्शन लिया है। पुलिस ने आरोपी बीएमडब्ल्यू कार चालक गगनप्रीत कौर को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, जैसे ही आरोपी महिला को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी मिली, पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया।पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि रविवार दोपहर हुए इस भीषण हादसे में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में उप सचिव के पद पर तैनात 52 वर्षीय नवजोत सिंह की मौत हो गई थी, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं थीं। हादसे के वक्त हरि नगर निवासी पति-पत्नी बंगला साहिब गुरुद्वारे से दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे।

इस बीच, मृतक नवजोत सिंह के बेटे ने एक गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि अगर दुर्घटना के बाद उनके पिता को 20 किलोमीटर दूर स्थित अस्पताल ले जाने के बजाय पास के किसी अस्पताल में भर्ती कराया जाता, तो शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी।

## इंदौर में बड़ा हादसा, बेकाबू ट्रक ने कई लोगों को कुचला, दो की मौत

इंदौर(आरएनएस)। इंदौर के एयरपोर्ट रोड पर रविवार को एक ट्रक ने भीड़ और कई वाहनों को कुचल दिया, जिसमें कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। अधिकारियों ने अब तक दो लोगों की मौत की पुष्टि की है, और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इंदौर के एयरपोर्ट रोड इलाके में शिक्षक नगर में बेकाबू ट्रक ने कई वाहनों को रौंद दिया। तेज़ रफ़्तार वाहन ने कई दोपहिया वाहनों और कारों को टक्कर मार दी, जिससे भारी अफरा-तफरी मच गई। कम से कम दो लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। आग की लपटें ट्रक में फैल गईं, लेकिन आग पर काबू पाने से पहले ही पूरा इलाका स्तब्ध रह गया। गंभीर रूप से घायल कई लोगों को पास के



अस्पतालों में ले जाया गया है, अधिकारियों ने कहा है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। बचाव दल, पुलिसकर्मी और दमकलकर्मी मौके पर पहुँचे।

### सीएम ने पोस्ट करके कहा जांच कराएंगे

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक्स पर पोस्ट करके कहा कि आज इंदौर में हुई ट्रक दुर्घटना दुखद है। इस घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर मैंने निरीक्षण हेतु अपर मुख्य सचिव गृह को इंदौर जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, रात 11 बजे से पहले शहर में भारी वाहनों के प्रवेश के कारणों की प्रारंभिक तथ्यपरक जाँच कराने के भी निर्देश दिए हैं।मृतकों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करता हूं तथा ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं।

## पंजाब में हथियार तस्करी का भंडाफोड़, 5 विदेशी पिस्तौल और 9 मैगजीन बरामद; 2 गिरफ्तार

फाजिल्का (आरएनएस)। पंजाब में फाजिल्का पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े सीमा पर हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। पंजाब पुलिस के डीजीपी ने इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि फाजिल्का पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी विदेशी हैंडलर्स के इशारे पर काम कर रहे थे।पुलिस ने विदेशी संचालकों द्वारा समर्थित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से पांच विदेशी पिस्तौल और 9 मैगजीन बरामद की हैं।

पुलिस की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ये हथियार पंजाब में आपराधिक गिरोहों द्वारा इस्तेमाल के लिए एक विदेशी संस्था के माध्यम से पाकिस्तान से मंगवाए जा रहे थे।आरोपी सुरिंदर सिंह और गुरप्रीत अपने विदेशी संचालकों की मदद से आपराधिक समूहों तक ये हथियार पहुंचाता था। पुलिस थाना सदर फाजिल्का में शस्त्र अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।पुलिस अब इनके पूरे गिरोह की तलाश में जुट गई है। पुलिस की तरफ से लगातार पंजाब को सुरक्षित रखने के लिए सीमा पार इस तरह की कार्रवाई की जाती रहती है।पंजाब पुलिस ने 12 सितंबर को भी पाकिस्तान से जुड़े हथियार तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया था। पंजाब पुलिस के डीजीपी ने इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया था कि फाजिल्का पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 18 पिस्तौल, 1,847 कारतूस और 42 मैगजीन बरामद की थीं। यह खेप पाकिस्तान से सीमा पार तस्करी कर पंजाब लाई गई थी और इसे आगे विभिन्न गिरोहों और अपराधियों तक पहुंचाने की साजिश थी।



गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मुंबई के राजभवन के दरबार हॉल में महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौजूद थे।

### अखिलेश यादव का बड़ा ऐलान

## सरकार बनने पर गोमती रिवरफ्रंट पर लगेगी भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति, होगा राजकीय अवकाश

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने विश्वकर्मा समाज को बड़ा भरोसा दिलाते हुए ऐलान किया है कि अगर 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तो गोमती रिवरफ्रंट पर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की जाएगी, जिसका सिंहासन सोने का होगा। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाएगा।यह घोषणा सोमवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित विश्वकर्मा समाज की एक बैठक के दौरान की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में अखिलेश यादव ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और आरती भी की।अखिलेश यादव ने विश्वकर्मा समाज को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का रचयिता और वास्तुकार माना जाता है। उन्होंने कहा कि कुम्हार, बढ़ई, कसेरा और शिल्पकार जैसे सभी हुनरमंद लोग 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज का हिस्सा हैं और यही समाज भाजपा को सत्ता से हटाने की ताकत रखता है।उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इस शासन में विश्वकर्मा समाज नौकरी, रोजगार और शिक्षा के मामलों में पूरी तरह उपेक्षित है और उनके साथ दोहरा बर्ताव किया जा रहा है।




## धर्मातरण मामले में आरोपी जब्बार खान के अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर




सीहोर, (ए.)। मध्य प्रदेश के सीहोर में जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को धर्मांतरण के मामले में मुख्य आरोपित जब्बार खान के अवैध निर्माण पर कार्रवाई की गई। यहां जिला मुख्यालय स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थित उसके घर के अवैध हिस्से को नगर पालिका की टीम ने पुलिस और राजस्व विभाग की टीम की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया। पोकलेन मशीन से जब्बार के घर की ऊपरी मंजिल का निर्माण ध्वस्त किया गया।बताया जा रहा है कि नगर पालिका की फाइल जांच में सामने आया कि यह भूखंड मूलत: अशोक डाबी के नाम पर आवंटित था, जिसे जब्बार खान ने 2018 में खरीदा था। आरोप है कि उसने बिना अनुमति ऊपरी तल पर अवैध निर्माण किया और भवन में मतांतरण की की गतिविधियों को संचालित किया। नगर पालिका ने पहले भवन निर्माण की अनुमति प्रस्तुत करने के लिए आरोपित जब्बार खान के घर पर नोटिस चिपकाया था। इसमें भवन निर्माण की अनुमति दिखाने को कहा गया था। परमिशन न दिखाने पर फिर 15 दिन का नोटिस जारी किया गया और जवाब नहीं मिलने पर सोमवार को उक्त कार्रवाई की गई।गौरतलब है कि गत 17 अगस्त को गोविंद मसुरे ने जब्बार खान और ताहिरा खान के खिलाफ धर्मांतरण की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के बाद दोनों के खिलाफ मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3/5 के तहत मामला दर्ज किया था।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला : राजनीतिक दलों पर नहीं लागू होगा यौन उत्पीड़न रोकथाम कानून

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने कार्यस्थलों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम से जुड़े 2013 के कानून के दायरे में राजनीतिक दलों को लाने से साफ इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने इस मामले में दायर अपील को खारिज करते हुए कहा कि यदि ऐसा किया गया तो यह ब्लैकमेल का एक साधन बन जाएगा। अदालत ने स्पष्ट किया कि राजनीतिक दलों पर यह कानून लागू करने से विवाद और शिकायतों का भानुमती का पिटारा खुल जाएगा।पीठ ने कहा कि किसी राजनीतिक दल में शामिल होना, वहां नौकरी करने के समान नहीं है। राजनीतिक दल और उसके सदस्यों के बीच नियोक्ता और कर्मचारी का संबंध नहीं होता।

## भोपाल और ग्वालियर में बर्ड वॉचिंग टूर, पर्यटकों ने देखीं 50 से अधिक पक्षी प्रजातियां

### मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड और अतावी बर्ड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित टूर में 45 से अधिक पक्षीप्रेमी हुए शामिल

भोपाल (निप्र)। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 14 सितंबर को भोपाल के बिसनखेड़ी और ग्वालियर के महाराजपुर क्षेत्र में बर्ड वॉचिंग टूर का आयोजन किया गया। अतावी बर्ड फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस टूर में 45 से अधिक पक्षीप्रेमी पर्यटकों ने लगभग 50 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों का अवलोकन किया।पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मध्यप्रदेश पक्षी विविधता और प्राकृतिक धरोहर के लिए पूरे देश में विशेष पहचान रखता है। बर्ड वॉचिंग जैसे आयोजन न केवल प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं, बल्कि यह प्रदेश में सतत पर्यटन को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी हैं। ऐसे कार्यक्रमों से स्थानीय समुदायों को रोजगार और नए अवसर मिलते हैं तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता भी बढ़ती है। हमारा प्रयास है कि बर्ड टूरिज्म को मध्यप्रदेश की एक खास पहचान बनाया जाए।अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति, गृह और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश, पक्षी विविधता और प्राकृतिक धरोहर से समृद्ध प्रदेश है। यहां हर मौसम में पक्षीप्रेमियों को एक नया और अनोखा अनुभव मिलता है।

# महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं रक्तदान शिविर से होगी सेवा पखवाड़े की शुरुआत

## -मंत्री श्री सारंग ने सेवा पखवाड़ा में होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की

भोपाल (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिवस 17 सितम्बर से लेकर महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में विविध सेवा एवं जनहितकारी कार्यक्रम होंगे। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर इन कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा पूरी गरिमा और सहभागिता के साथ मनाया जाना चाहिए, जिससे इसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँच सके।

सेवा पखवाड़े का शुभारंभ 17 सितम्बर को भोपाल स्थित तात्या टोपे स्टेडियम से होगा। इस दिन महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय इस शिविर में स्कूली छात्राओं और महिलाओं को मार्शल आर्ट प्रशिक्षक आत्मरक्षा के गुर सिखाएँगे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि बेटियों और महिलाओं को



आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देना सेवा पखवाड़े की एक सार्थक शुरुआत है, जिससे वे किसी भी कठिन परिस्थिति का सामना आत्मविश्वास और साहस के साथ कर सकेंगी। सेवा पखवाड़े के दौरान रक्तदान शिविर, वृद्धाश्रम में खिलाड़ियों द्वारा भोजन वितरण, अनाथालय के बच्चों का स्टेडियम भ्रमण, शासकीय अस्पतालों में सेवा कार्य और नमो मैराथन सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। दो अक्टूबर तक चलने वाले इन आयोजनों में समाज-सेवा और खेलों का समन्वय दिखाई देगा।

## आरडीएसएस में पश्चिम मप्र का 79वां सब स्टेशन ऊर्जीकृत

भोपाल (आरएनएस)। IST ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण योजना रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) अंतर्गत पश्चिम मप्र का 79वां सब स्टेशन बड़वानी जिले के कोलकी (सेंधवा) में ऊर्जीकृत किया गया। इस ग्रिड की लागत लगभग दो करोड़ एक लाख रूपए है, इससे करीब दो हजार ग्रामीण घरेलू एवं कृषि क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि आरडीएसएस अंतर्गत कंपनी क्षेत्र में सतत ही ग्रिड तैयार किए जा रहे है, इन्हें समय पर ऊर्जीकृत किया जा रहा हैं, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर लाभ मिले।

# खाद, बीज-बिजली समेत अन्य समस्याओं को लेकर कलेक्टोरेट के बाहर इकट्ठा हुए किसान

भोपाल (आरएनएस)। भारतीय किसान संघ के बैनरतले सोमवार को कई किसान भोपाल कलेक्टोरेट के बाहर इकट्ठा हुए। उन्होंने एडीएम अंकुर मेश्राम को ज्ञापन सौंपा और खाद, बीज-बिजली समेत अन्य समस्याओं को दूर करने की मांग की। कहा कि तहसीलों में पेंडिंग केस जल्द सुने जाए। खाद की कमी न हो। किसानों की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए। जिसमें कहा कि पिछले कई दिन से किसान बिजली की समस्या, खाद की समस्या, नकली कीटनाशक दवा, बीज की समस्या, राजस्व की समस्या को लेकर तहसीलों में ज्ञापन दिए जा रहे हैं। बावजूद समस्या का हल नहीं हो रहा है। इसलिए अब जिला स्तर पर आवेदन जा रहा है।भारतीय किसान संघ के प्रदेश प्रचार प्रमुख राहुल धूत ने बताया, सरकार ने किसानों को बीमा की राशि का भुगतान नहीं किया। जिन किसानों को बीमा राशि मिली है, उनमें कई विसंगतियां हैं। इन्हीं समस्याओं को लेकर सोमवार को जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन दिए गए हैं।यदि मांगों का जल्द निराकरण नहीं होता है तो आने वाले दिनों में राजधानी में प्रदेश स्तरीय आंदोलन करेंगे। इस दौरान तेजपाल पाटीदार, भगवान सिंह मीणा, लोकेश मीणा, अखिलेश मीणा, पदमसिंह ठाकुर, मनोज यादव, शिवराज सिंह ठाकुर, कुबेर सिंह राजपूत, अजय सिंह ठाकुर समेत कई किसान और पदाधिकारी मौजूद थे। इन मांगों को लेकर प्रदर्शन-बीमा राशि का भुगतान किया जाए एवं बीमा वितरण की सूची सार्वजनिक की जाए।फसल का नुकसान होने पर सैटेलाइट तकनीक का उपयोग नहीं किया जाए।पटवारियों को लिखित आदेश दिया जाए। पटवारी हल्का नंबर में जाकर किसानों के बीच किसानों के कार्य किया जाए।किसानों को पर्याप्त व समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए।

# विविध-समाचार

## कायस्थ संसद द्वारा मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह सम्पन्न

भोपाल (आरएनएस)। कायस्थ संसद क्लब भोपाल द्वारा मेधावी कायस्थ छात्रों के सम्मान समारोह का आयोजन आज रविवार, 14 सितम्बर 2025 को रोटरी सेवा भवन, 45 बंगले, बाणगंगा, भोपाल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे मध्यप्रदेश शासन में अपर मुख्य सचिव, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनु श्रीवास्तव तथा मध्यप्रदेश शासन में महानिदेशक, होम गार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव। विशिष्ट अतिथियों में सेवानिवृत्त आईएएस मलय श्रीवास्तव, के.सी. श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार एवं 'मध्यप्रदेश गान' के रचयिता महेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ राजनीतिज्ञ ब्रजमोहन श्रीवास्तव, श्रीमती रीना कानूनगो, डॉ. राजेश कानूनगो, वीरेंद्र भटनागर तथा शैलेन्द्र शरण उपस्थित रहे। इस अवसर पर कायस्थ संसद क्लब के संयोजक सेवानिवृत्त मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी अतिथियों का अभिनंदन किया और कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला।वहीं, क्लब के संस्थापक सदस्य वीरेन्द्र भटनागर ने कायस्थ संसद क्लब की स्थापना, उसकी पृष्ठभूमि और उद्देश्यों की जानकारी उपस्थित जनों को दी। समारोह में कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने वाले कुल 30 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं मंच संचालन नवनीत सिन्हा ने किया तथा आभार प्रदर्शन विक्रम सक्सेना द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में कायस्थ संसद क्लब के प्रमुख सदस्यों में के.के. सक्सेना, अवध खरे, संदीप शरण, संदीप श्रीवास्तव, विवेक भटनागर, जी.एम. जोहरी, राजेश नारायण, हरिओम भटनागर, बी.के. श्रीवास्तव एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावक प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए।

## डायल-112 वाहनों को लेकर वायरल मैसेज का पीएचक्यू ने किया खंडन

भोपाल(ए)। मध्यप्रदेश पुलिस की सेवा डायल-112 वाहनों की खरीदी की कीमत को लेकर एक पोस्ट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। पुलिस विभाग ने इस पोस्ट को भ्रामक बताते हुए इससे संबधित जानकारी साझा की है। पीएचक्यू की और से जारी की गई जानकारी में कहा गया है कि हाल ही में सोशल मीडिया पर डायल-112 परियोजना के अंतर्गत वाहनों की खरीद एवं खर्च से जुड़ी भ्रामक और असत्य जानकारी प्रसारित की जा रही है। इन पोस्टों में दावा किया गया है कि सरकार ने गाड़ियां 30-40 लाख रुपए की जगह 1 करोड़ रुपए से अधिक कीमत पर खरीदीं और इस पर कुल 1500 करोड़ खर्च हुए हैं। यह दावा पूरी तरह गलत और निराधार है। डायल-112 परियोजना से संबंधित कुछ तथ्यों को स्पष्ट करना आवश्यक है। इस योजना का कुल टेंडर लगभग 972 करोड़ का है, न कि 1500 करोड़ , जैसा कि कुछ स्थानों पर गलत रूप से प्रस्तुत किया गया है। यह राशि किसी एक वर्ष के लिए नहीं, बल्कि पूरे पाँच वर्षों की अवधि के लिए निर्धारित है। इसमें केवल गाड़ियों का किराया शामिल नहीं है, बल्कि कई अन्य महत्वपूर्ण मदें भी सम्मिलित हैं। कुल बजट में से 719.75 करोड़ का प्रावधान 1200 फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल्स (एफआरवी) के संचालन, रख-रखाव तथा लगभग 5000 कर्मचारियों के वेतन के लिए किया गया है। इसी प्रकार, 78.5 करोड़ का प्रावधान स्टेट कमांड सेंटर, डेस्कटॉप्स तथा 500 से अधिक कर्मचारियों के वेतन के लिए है। इसके अतिरिक्त, 174 करोड़ आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, सर्वर एवं उनके रख-रखाव पर खर्च किया जाएगा।

## पानी भरे गड्ढे में डूबने से मासूम की मौत

भोपाल (आरएनएस)। बगदोरा स्थित एक गौशाला में बने गोबर और पानी से भरे गड्ढे में डूबने से पांच साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना रविवार को तब हुई, जब बच्ची अपने बड़े भाई के साथ खेल रही थी। कटारा हिल्स थाना प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि मृतक बच्ची आयुषी उर्फ बिन्नी मूलतः ग्राम त्योंदा, जिला विदिशा निवासी मुकेश मालवीय की बेटी थी। मुकेश बगदोरा में स्थित श्याम शरस गौशाला में काम करते हैं और परिवार वहीं रहता है। रविवार को आयुषी अपने 8 साल के बड़े भाई कृष्णा के साथ गौशाला में खेल रही थी। उस समय उसकी मां बीमारी के कारण घर में आराम कर रही थीं। अचानक कृष्णा ने बताया कि आयुषी गड्ढे में गिर गई है और दिखाई नहीं दे रही। घटना की सूचना मिलने पर पिता मुकेश गड्ढे में उतरे और अपनी बेटी को पानी और गोबर में डूबी हुई पाया। बच्ची को तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि गड्ढे में बारिश का पानी भर गया था। कटारा हिल्स पुलिस ने मामले में मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों के निर्माण कार्यों की गति को और बढ़ाकर कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करें

भोपाल (आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राहुल नगर पार्ट-1 फेस-2 में निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया और कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश दिए साथ ही निर्माण स्थल पर निर्धारित मानकों अनुसार सुरक्षा के प्रबंध न करने पर संबंधित निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान निगम अधिकारी व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि व कनसल्टेंट मौजूद थे।निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राहुल नगर परियोजना पार्ट-1 के फेस-2 में निर्माणाधीन जी.15 आवासों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और आवासीय परियोजना के तहत प्रचलित एवं प्रस्तावित कार्यों एवं कार्य योजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और मानचित्र आदि का अवलोकन भी किया। निगम आयुक्त नारायन ने परियोजना के तहत जी.15 के 02 ब्लॉकों में निर्मित होने वाले एम.आई.जी एवं एच.आई.जी आवासों के निर्माण कार्यों की गति और बढ़ाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने परियोजना स्थल पर 03 तलों पर बन रही पार्किंग सहित अन्य सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने निर्माण स्थल पर निर्धारित मानकों अनुसार सुरक्षा के उपाय न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर एक अक्टूबर को होंगे विविध कार्यक्रम

भोपाल (निप्र)। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एक अक्टूबर को मध्यप्रदेश में विशेष रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। दिवस का प्रमुख उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की समाज में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और उन्हें समावेशी भविष्य के निर्माण में सशक्त पहचान दिलाना है। कार्यक्रम की थीम समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजन की पहचान को सशक्त बनाना निर्धारित की गई है। जिला स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, संवाद सत्र एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित होंगी। इन आयोजनों का मुख्य फोकस यह रहेगा कि वृद्धजन केवल परिवार और समाज के अनुभव का आधार ही नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदारी के माध्यम से समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। विशेष आकर्षण के रूप में प्रत्येक जिले में 'शतायु सम्मान' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 100 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके वृद्धजनों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। इस पहल से राज्य सरकार का उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का संदेश देना है। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने सभी जिला कलेक्टर और विभाग के जिला अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

# दो साल पुराने दुष्कर्म मामले में फंसे वकील यावर जमानत के लिये जायेगें हाईकोर्ट

भोपाल(ए)। राजधानी में नाबालिग से दुष्कर्म के दो साल पुराने मामले में जेल गए वकील यावर खॉन अपनी जमानत के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे। जेल गये यावर की सारी रात बैचैनी में कटी। अगली सुबह उनके परिजन उनसे मिलने के लिए जेल पहुंचे। बताया गया है की पुलिस ने यावर को बैरसिया रोड से गिरफ्तार किया था। यह मामला 20 जनवरी 2023 का है। नाबालिग उसी दिन लापता हुई थी, जिसे करीब दो साल बाद 23 जनवरी 2025 को पुलिस ने अशोक नगर जिले से दस्तयाब किया था। उसने पांच लोगों पर रेप के आरोप लगाए। कोर्ट में यावर खान नाबालिग के रेप के आरोपियों की पैरवी कर रहा था। बाद में नाबालिग ने अपने बयान में बताया कि यावर खान ने भी उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। वह ऑफिस और बिट्टन मार्केट स्थित मकान में उसे बुलाकर दुष्कर्म करता था। पीड़िता ने कोर्ट में कहा था, कि यावर का नाम पहले वह इसलिए नहीं बता पाई, क्योंकि उसे याद नहीं था। पुलिस ने इस मामले में यावर समेत 14 लोगों को आरोपी बनाया है, जिनमें से दो अभी फरार हैं। फरवरी 2025 में पुलिस ने 28 आरोपियों के खिलाफ संगठित अपराध का मुकदमा भी दर्ज किया था। पुलिस ने अब तक 26 आरोपियों को जेल भेज चुकी है, जिसमें पुराने मामले के 11 आरोपी शामिल हैं। हालांकि कुछ लोगों को कोर्ट से जमानत भी मिल चुकी है, और उसी आधार पर यावर के वकील साथी हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं।

# डेंगू नियंत्रण में जागरुकता के साथ जरुरी है सहभागिता

## मनी प्लांट एवं फ्रिज की ट्रे को जरूर देखे एवं हर सात दिन में पानी साफ करें

भोपाल (निप्र)। राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा के निर्देशन एवं जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव के मार्गदर्शन में सोमवार को अमरावद खुर्द संजीवनी पर कैनोपी लगाकर उपस्थित लोगों को डेंगू के लक्षण, उपाय एवं बचाव के बारे में समझाया।इस दौरान क्षेत्रीय समन्वयक फैमिली हेल्थ इंडिया डॉ. संतोष भार्गव ने कहा कि इस मौसम में मच्छरों से बचाव आवश्यक है, लगातार बारिश होने के कारण लार्वा पनपने एवं ब्रीडिंग सोर्सेज की संख्या में वृद्धि होती है अतः हमें ध्यान रखना चाहिए कि लार्वा नहीं पनपे। इस दौरान कार्यक्रम। साथ ही कहा कि सभी की सहभागिता डेंगू नियंत्रण में जरूरी है आप सब का सहयोग अपेक्षित है, डेंगू के मच्छर मुख्य रूप से कंटेनर में पनपते



है, कंटेनर को सतह हार्ड होती है, अतः ये गमला एवं गमले के नीचे की ट्रे, सीमेंट की टंकी, मनी प्लांट, टूटे फूटे वर्तन, छत पर पड़े टायर, पुराने मटके, फ्रिज की ट्रे कूलर, नारियल के खोल, डिस्पोजल इत्यादि मुख्य रूप से डेंगू के लार्वा को पनपने के श्रोत है, इस प्रकार मुख्य रूप से डेंगू के लार्वा हमारे घर के अंदर और बाहर साफ पानी में पनपते है।

डेंगू के मच्छर अंधेरे वाली जगह, घर का कोना बेड के पीछे एवं नीचे आराम करते है। अतः घर में गेट एवं खिड़की पर मच्छररोधी जाली अवश्य लगाए जिससे कि मच्छर घर के अंदर प्रवेश नहीं कर सके। दिन के समय में भी मच्छरोधी आधुनिक प्रयोग करे। बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को मच्छरदानी में ही सुलाए। इस दौरान कार्यक्रम समन्वयक रत्नेश सिंह, कृष्णा पटेल एवं मंजू पवार सहित संजीवाणिका स्टाफ उपस्थित रहा।

# साढ़े तीन लाख की शराब सहित तस्कर गिरफ्तार



भोपाल (आरएनएस)। लग्जरी कार से शराब की तस्करी करने वाले तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से साढ़े तीन लाख रुपए कीमत की 254 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। यह शराब विदिशा से भोपाल लाई जा रही थी। जिसकी डिलिवरी अलग-अलग होटलों में दी जानी थी।पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि रविवार रात को मुखबिर की सूचना पर बायपास चौराहा से घेराबंदी कर सफारी स्ट्रोम वाहन को रोका था। इसकी तलाशी में डिक्की और पिछली सीट में भरी 28 पेटी अंग्रेजी शराब मिली। जिसकी कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए है। पूछताछ करने पर आरोपी की पहचान आदिल शेख (29) निवासी विदिशा के रूप में की गई। आरोपी ने बताया कि वे भोपाल में अलग-अलग स्थानों पर इस शराब को खपाने वाला था।

# सिंहस्थः 2028 के विकास कार्यों के लिए सभी का मिल रहा है समर्थन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## -राज्य सरकार किसानों सहित सभी से संवाद करते हुए लैंड पूलिंग और विकास कार्यों के मार्ग पर है अग्रसर

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ : 2028 के विकास कार्यों के लिए हमें सभी का समर्थन मिल रहा है। विकास के क्रम को बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सबके हितों का ध्यान रखते हुए और सभी से संवाद करते हुए राज्य सरकार लैंड पूलिंग सहित सभी प्रकार के विकास कार्यों के मार्ग पर अग्रसर हो रही है। प्रयागराज महाकुंभ के ऐतिहासिक आयोजन में करोड़ों लोगों के आगमन, व्यवस्था और उनके सुरक्षा प्रबंधन के दृष्टिगत केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्थायी संरचनाओं के विकास पर बल दिया, इससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिला। उज्जैन



में सिंहस्थ-2028 के लिए स्थायी निर्माण के संबंध में किसानों से संवाद जारी है, हम किसी को नाराज नहीं करना चाहते, राज्य सरकार सभी को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। विकास का क्रम निरंतर जारी रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मीडिया से चर्चा में व्यक्त किए।

**सिंहस्थ का आयोजन प्रदेश के लिए गौरव का विषय**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इतिहास में अब तक के सबसे बड़े सिंहस्थ मेले का आयोजन उज्जैन में वर्ष-2028 में होने जा रहा है। वर्तमान में उज्जैन की अर्थव्यवस्था में महाकाल लोक बनने से भारी वृद्धि हुई है। सिंहस्थ के आयोजन से उज्जैन का आध्यात्मिक नगरी के रूप में विकास होने से पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। उज्जैन सिंहस्थ में 30 करोड़ श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की आशा है।

# संत हिरदारामनगर-बीना होकर 20 ट्रिप उधना-छपरा के बीच साप्ताहिक स्पेशल का संचालन



भोपाल (निप्र)। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा दशहरा, दिवाली और छठ पूजा के त्योहारी सीज़न के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर-बीना होकर उधना - छपरा के बीच विशेष किराए पर त्योहार स्पेशल ट्रेन चलाई जाएंगी। इस स्पेशल ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है।

**ट्रेन संख्या 05116/05115 उधना-छपरा साप्ताहिक स्पेशल**

ट्रेन संख्या 05116 उधना-छपरा स्पेशल प्रत्येक रविवार को उधना से 10:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23:00 बजे छपरा पहुँचेगी। यह ट्रेन 28 सितंबर से 30 नवंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 05115 छपरा-उधना स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को छपरा से 17:45 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन यानी रविवार को 07:00 बजे उधना पहुँचेगी। यह ट्रेन 26 सितंबर से 28 नवंबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सूरत, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, वाराणसी, जौनपुर, औंड़िहार, ग़ाज़ीपुर सिटी और बलिया स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी-2 टियर, एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्री स्पेशल ट्रेनों की सुविधा का लाभ लेते हुए त्योहारी स्पेशल ट्रेनों के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, एनटीईएस/रेल मदद 139 अथवा आईआरसीटीसी ऑनलाइन वेबसाइट माध्यम से अवलोकन कर सकते है।

# भोपाल मंडल ने पाँच माह में 500 कोचों का मरम्मत किया




भोपाल (निप्र)। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल स्थित रेल कारखाना में कोचों का पीरीयोडिक ओवर हालिंग का कार्य किया जाता है। कारखाना के मुख्य कारखाना प्रबंधक के मार्गदर्शन में अनुरक्षण डिपो में चालू वित्तीय वर्ष के पाँच माह में कोचों का अनुरक्षण करके अच्छा प्रदर्शन किया है। चालू वित्तीय वर्ष 2025 के पाँच माह में सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 500 कोचों का अनुरक्षण किया। अकेले अगस्त माह की बात करे तो सीआरडब्लूएस/भोपाल कारखाना में कुल 96 कोचों का अनुरक्षण किया गया।

## अगस्त माह में सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल द्वारा 96 कोचों का अनुरक्षण

**पिरियोडिक ओवर हॉलिंग ( पीओएच ) के दौरान निम्न कार्य किये जाते हैं :-**

कोच के बॉडी और अंडर गियर की मरम्मत की जाती है, जिससे परिचालन में सरंक्षा सुनिश्चित की जा सके।

कोचों के नीचे ट्रॉली, बोगी के सभी पार्ट्स की मरम्मत की जाती है, जो सरंक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है।

एयर ब्रेक सिस्टम के सभी पार्ट कोचों के दोनों ओर के बफ़र की मरम्मत की जाती है जिससे सरंक्षा में बढ़ोत्तरी एवं जर्क फ्री राइडिंग का अनुभव होता है।

व्हील और एक्सल की मरम्मत एवं रखरखाव किया जाता है, जिससे सुरक्षा में इजाफा होता है।

## नशे के खिलाफ कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2.6 किलो गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

गुना (ए) । जिले में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत गुना कोतवाली पुलिस ने बीती रात एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गश्त के दौरान एक



तस्कर को 2.661 किलो अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नजूल कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक सी.पी.एस. चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लाल सिंह गुर्जर (50), निवासी गुलाबगंज आरोन बताया। उसकी तलाशी लेने पर बैग से 2.661 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

# जबलपुर लोकायुक्त टीम ने महिला क्लर्क को पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा



जबलपुर, (ए) । मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले की लोकायुक्त टीम ने सोमवार को कटनी के स्लीमनाबाद में अस्सिटेंट रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं में पदस्थ महिला क्लर्क प्रीति ठाकुर को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। महिला क्लर्क यह राशि सेवा शुल्क के नाम पर ले रही थी। जबलपुर लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटले के अनुसार ग्राम कौडिया़ स्लीमनाबाद जिला कटनी निवासी शिवप्रसाद कुशवाहा ने परमलोक धाम आश्रम सेवा समिति का रजिस्ट्रेशन कराने के लिए रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं में आवेदन दिया। जहां पर पदस्थ महिला क्लर्क प्रीति ठाकुर ने 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। जिस पर शिवप्रसाद कुशवाहा ने जबलपुर में लोकायुक्त कार्यालय पहुंचकर एसपी अंजुलता पटले से शिकायत की। एसपी द्वारा उचित माध्यम से शिकायत की तस्दीक की गई। शिकायत सही पाए जाने पर लोकायुक्त जबलपुर से एक टीम गठित की गई। आज निर्धारित समय पर रजिस्ट्रार आफिस में जैसे ही महिला क्लर्क ने पांच हजार रुपए रिश्वत ली, टीम ने क्लर्क प्रीति ठाकुर को तुरंत रंगे हाथ पकड़ लिया। महिला क्लर्क प्रीति ठाकुर के रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने की खबर से आफिस में हड़कम्प मच गया। देखते ही आफिस के अन्य कर्मचारी एकत्र हो गए उनके बीच चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। लोकायुक्त की टीम में डीएसपी नीतू त्रिपाठी, इंस्पेक्टर रेखा प्रजापति,बीएस नरवरिया सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। लोकायुक्त पुलिस ने क्लर्क प्रीति ठाकुर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 की धारा-7,13(1), 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## "सेवा पखवाड़ा अभियान" की तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्टर ने ली बैठक

**17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा सेवा पखवाड़ा**



झाबुआ (ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा धार जिले के ग्राम भैंसोला से 17 सितम्बर को सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनभागीदारी, स्वच्छता, सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देना है। नागरिकों में स्वच्छता, सेवा एवं सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है। आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना एवं वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त करना है।अभियान की तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्टर नेहा मीना ने कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक ली। अभियान जिले के समस्त ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में संचालित होगा। जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में नोडल अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह चौहान एवं शहरी क्षेत्र में नोडल अधिकारी, परियोजना अधिकारी नगरीय प्रशासन महेश बड़ोले को बनाया गया है। बैठक में कलेक्टर ने सेवा पखवाड़े के तहत होने वाली गतिविधियों के सम्बन्ध में कैलेंडर बनाये जाने के निर्देश दिये।

## मुरैना में खाद के लिए लाइन में लगे किसान आपस में भिड़े, जमकर चले लाठी-डंडे



मुरैना, (ए) । मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में कृषि उपज मंडी परिसर में खाद की किल्लत को लेकर किसान आपस में ही भिड़ गए। सोमवर सुबह से खाद खरीदने के लिए लाइन में लगे किसानों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि लाठियां और डंडे चलने लगे। तीन किसान घायल हो गए। एक जिला अस्पताल में भर्ती है। खाद के लिए किसानों के बीच चल रही लाठियों का वीडियो किसी ने मोबाइल से बनाया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।मामला सोमवार को गल्ला मंडी परिसर का है। यहां खाद वितरण काउंटर पर सुबह 5 बजे से ही किसान जुटने लगे थे। गल्ला मंडी परिसर में सुबह साढ़े 9 बजे जैसे ही खाद वितरण केंद्र खुला, किसानों में धक्कामुक्की होने लगी।

# म.प्र. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जिला स्तरीय समीक्षा/समन्वय बैठक आयोजित

ग्वालियर (ए.)। मध्य प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पहल पर सोमवार को जिला पंचायत सभागार, ग्वालियर में जिला स्तरीय समन्वय एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयोग द्वारा संज्ञान में लिए गए प्रकरणों के निराकरण और बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोग की सदस्य डॉ. निवेदिता शर्मा और ओंकार सिंह ने की।

बैठक में ग्वालियर जिले के कई महत्वपूर्ण विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें बाल कल्याण समिति (C W C), किशोर न्याय बोर्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण एवं मदरसा बोर्ड, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, सामाजिक न्याय एवं आदिम जाति कल्याण विभाग शामिल थे। बैठक में बाल अधिकार संरक्षण, बाल शोषण की रोकथाम, बालिकाओं की सुरक्षा एवं शिक्षा, बाल श्रम उन्मूलन, बाल स्वास्थ्य और पोषण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोग के सदस्यों ने कहा कि बच्चों के हितों की रक्षा के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय और सहयोग की आवश्यकता है।



सदस्य डॉ. निवेदिता शर्मा ने कहा कि बाल संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के हर वर्ग को मिलकर बच्चों के अधिकारों की रक्षा करनी होगी। वहीं ओंकार सिंह ने विभागों को निर्देशित किया कि बच्चों से जुड़े प्रकरणों का त्वरित और संवेदनशील निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

आयोग के सदस्यों द्वारा डबरा जिला ग्वालियर मे ICSE नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त सेंटपीटर्स स्कूल को पूर्व में प्राप्त शिकायत में बिना किसी अर्थ दण्ड को आरोपित किये बगैर शिक्षा विभाग जिला ग्वालियर द्वारा मान्यता प्रदान कर दी गयी, जिस पर आयोग के सदस्यों द्वारा गंभीर नाराजगी व्यक्त की गयी। बैठक में आयोग ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और आगे की कार्ययोजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव दिए एवं सभी विभागो को आपसी समन्वय के माध्यम से बालकों के हितों मे सकारात्मक दिशा में काम करने के लिए आदेशित किया गया। यह समीक्षा बैठक जिले में बाल संरक्षण से जुड़े प्रयासों को गति देने और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं डीसीपीयू श्रीमती उपासना राय द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

## दस्तावेजों पर मुद्रांक शुल्क की नवीनतम दरें जारी

सतना (ए) । मध्यप्रदेश राजपत्र 9 सितंबर के अनुसार भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 की अनुसूची- 1 (क) के तहत दस्तावेजों पर मुद्रांक शुल्क नवीनतम दरें लागू की गई है। जिसके अनुसार शपथ पत्र पर मुद्रांक शुल्क 200 रूपये, अनुबंध पत्र (कब्जा रहित) अनुच्छेद (6)-ड (2) पर 5 हजार रूपये, करार या करार का ज्ञापन, जब संविदा मूल्य 50 लाख पर 1 हजार रूपये, जब संविदा मूल्य 50 लाख से अधिक है पर 10 लाख रूपये की अधिकतम सीमा के अध्याधीन रहते हुए संविदा मूल्य का 0.2 प्रतिशत, सहमति पत्र अनुच्छेद 24 बिना प्रतिफल के, संशोधित पत्र अनुच्छेद 32 पर 5 हजार रूपये, पट्टा अभिलेख, खनिज पट्टे पर ऐसे पट्टे के अधीन देय या परिदेय पूरी रकम का 2 प्रतिशत मुद्रांक शुल्क नियत की गई है। इसी प्रकार बंदूक लायसेंस एक रिवालवर, पिस्तौल पर 10 हजार रूपये, बंदूक लायसेंस रिवालवर अथवा पिस्तौल से भिन्न अन्य हथियार पर 5 हजार रूपये, बंदूक लायसेंस अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण 5 हजार रूपये, बंदूक लायसेंस अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण रिवालवर पिस्तौल से भिन्न अन्य हथियार पर 2 हजार रूपये की मुद्रांक शुल्क लगेगी।

## व्यापार समाचार

## 'कम महंगाई दर के चलते RBI ब्याज दरों में कर सकता है कटौती'



नई दिल्ली(आरएनएस) । खुदरा महंगाई दर में आने वाले समय में कमी देखने को मिलेगी, जिससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को रेपो रेट में 50 आधार अंक तक की कटौती करने के लिए पर्याप्त जगह मिल सकती है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में दी गई।रिपोर्ट में कहा गया,खाद्य उत्पादों की कम कीमतें, जीएसटी दरों में कटौती और इनपुट मूल्य दबावों की कमी से उत्पन्न अवस्फीति के कारण हेडलाइन महंगाई दर का ट्रेंड नरम बने रहने की संभावना है। हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 26 में हेडलाइन महंगाई दर औसतन 2.4 प्रतिशत सालाना रहेगा, जिससे आरबीआई अक्टूबर और दिसंबर में प्रत्येक में 25 आधार अंकों (0.25 प्रतिशत) की कटौती रेपो रेट में कर सकेगा। रिपोर्ट में मुताबिक, पिछले सात महीनों से खुदरा महंगाई दर आरबीआई के 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे चल रही है, जिसका एक कारण खाद्य कीमतों में गिरावट भी है। हालांकि, मुख्य महंगाई दर 4.2 प्रतिशत के दायरे में बनी हुई है, जबकि पिछले 22 महीनों से मुख्य महंगाई दर 3.1 प्रतिशत पर और 4 प्रतिशत से नीचे बनी हुई है, जो महंगाई दर में नरमी का संकेत है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कम महंगाई दर का यह ट्रेंड कई कारकों के संयोजन से प्रेरित है, जिनमें खाद्य कीमतों में लगातार नरमी और बेहतर फसल उत्पादन से प्रेरित अनुकूल दृष्टिकोण शामिल हैं। जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से समग्र मूल्य स्तरों में गिरावट का रुझान रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में बताया कहा कि हेडलाइन महंगाई दर सालाना आधार पर वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में औसत 2.6 प्रतिशत रह सकती है, जबकि पूरे वित्त वर्ष में यह 2.4 प्रतिशत रह सकती है। जीएसटी सुधारों के कारण चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही से घरेलू मांग में बढ़त देखने को मिल सकती है। हालांकि, टैरिफ के कारण विदेशी से आने वाली मांग पर असर देखने को मिल सकता है।

## रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई (ए)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ ही 88.15 पर बंद हुआ। इससे पहले शुक्रवार को भारतीय रुपया 5 पैसे की गिरावट के साथ ही 88.30 पर बंद हुआ था। विशेषज्ञों के अनुसार, विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय बाजार से पूंजी निकासी, आयातकों की डॉलर मांग और डॉलर की वैश्विक मजबूती प्रमुख कारण हैं। डॉलर सूचकांक 0.10 फीसदी बढ़कर 97.62 पर पहुंच गया है, जिससे अन्य मुद्राओं की तुलना में डॉलर मजबूत हुआ है। इसके अलावा भारत और अमेरिका के बीच चल रहे शुल्क विवादों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया है। मौजूदा हालात को देखते हुए रुपये पर दबाव बने रहने की संभावना है, जिससे निकट भविष्य में भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप की ज़रूरत पड़ सकती है।भारतीय इक्विटी बाजारों की आज मिली-जुली शुरुआत हुई थी, लेकिन अंतिम कारोबारी घंटों में बिकवाली रही।

# भारत-अमेरिका के बीच बड़ी डील की आहट, भारत आ रहे हैं अमेरिकी अधिकारी; ट्रेड डील पर होगी बात

*नई दिल्ली (आरएनएस) । भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक बड़ी व्यापारिक डील होने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी अधिकारी सोमवार रात भारत पहुंचेंगे और मंगलवार को दोनों देशों के बीच अहम वार्ता होगी।हालांकि, अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि टैरिफ वॉर को लेकर बातचीत कहां तक आगे बढ़ी है।*



भारत ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं होगा। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार भारत से बेहतर संबंधों का हवाला दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी शुल्क लगा रखा है और रूस से तेल खरीदने को लेकर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। इसके बावजूद भारत ने अपना रुख साफ किया है कि वह राष्ट्रीय और कृषि हितों से पीछे नहीं हटेगा।

### हालिया मुलाकातों का सिलसिला

दो दिन पहले ही अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने प्रमुख अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की थी। उन्होंने प्रतिनिधि सभा के सदस्य जेम्स मोयलान समेत कई नेताओं से व्यापारिक साझेदारी और ऊर्जा सहयोग पर चर्चा की। क्वात्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बातचीत के दौरान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आपसी हितों और यूक्रेन संकट के समाधान के लिए कूटनीति की भूमिका पर भी विचार साझा किए गए। दरअसल, रूस से तेल निर्यात को लेकर अमेरिकी प्रशासन की नाराजगी और भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त टैरिफ ने द्विपक्षीय रिश्तों में तनाव पैदा किया है। ऐसे में मंगलवार को होने वाली भारत-अमेरिका बैठक को दोनों देशों के रिश्तों में नया मोड़ देने वाली माना जा रहा है।

## आईटीआर फाइलिंग के दौरान न करें ये गलतियां, अटक सकता है रिफंड

नई दिल्ली ,(आरएनएस) । देश में अब तक 6.7 करोड़ से ज्यादा करदाता अपना इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) जमा कर चुके हैं और इसमें से बहुत सारे लोग रिफंड का इंतजार कर रहे हैं।




कई बार आईटीआर भरने के बावजूद भी समय पर आपको रिफंड नहीं मिल पाता है। इसके कई कारण हो सकते हैं, जिनके बारे में हम नीचे इस आर्टिकल में बताने जा रहे हैं।ई-वेरिफिकेशन न करना = आईटीआर को केवल जमा करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसे फाइलिंग के 30 दिनों के अंदर वेरीफाई करना भी आवश्यक है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आपका रिफंड रुक जाता है। कई मामले करदाताओं को 5,000 रुपए तक के जुर्माने का भुगतान करना पड़ सकता है। एआईएस डेटा कोदरकिनार करना= एनुअल इन्फॉर्मेशन स्टेटमेंट (एआईएस) में आपकी आय, बैंक अकाउंट और इन्वेस्टमेंट की सभी जरूरी डिटेल्स होती हैं। अगर एआईएस डेटा अलग होता है और आईटीआर में दी गई जानकारी भिन्न होती है तो आपका रिफंड रुक सकता है। इससे साथ इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आपको नोटिस भी दे सकता है। ऐसे में आईटीआर को फाइलिंग के दौरान एआईएस से मिलान करने को काफी जरूरी माना जाता है।गलत आईटीआर फॉर्म का चयन = इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से करदाताओं की आय और कारोबार के मुताबिक अलग-अलग आईटीआर फॉर्म जारी किए जाते हैं। असेसमेंट ईयर 2025-26 (वित्त वर्ष 2024-25) के लिए इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से आईटीआर 1, आईटीआर 2, आईटीआर 3, आईटीआर 4, आईटीआर 5, आईटीआर 6 और आईटीआर 7 जारी किए गए हैं।

### iPhone 17 खरीदने वालों को झटका! लॉन्च होते ही स्टॉक की भारी कमी, डिलीवरी के लिए करना होगा लंबा इंतजार

नई दिल्ली (आरएनएस) । एप्पल के नए आईफोन 17 सीरीज और आईफोन एयर का इंतजार कर रहे ग्राहकों के लिए बुरी खबर है। पिछले हफ्ते लॉन्च हुई इस नई सीरीज के लिए 12 सितंबर से प्री-बुकिंग शुरू हुई थी और इसकी डिलीवरी 19 सितंबर से शुरू होनी थी, लेकिन अब ग्राहकों को अपना नया फोन पाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। एप्पल द्वारा किया गया डिलीवरी का वादा पूरा होता नहीं दिख रहा है, क्योंकि भारत में रिटेलर्स कथित तौर पर स्टॉक की भारी कमी का सामना कर रहे हैं।मनीकंट्रोल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश भर के कई रिटेलर्स ने iPhone 17 सीरीज और iPhone Air के स्टॉक की कमी की जानकारी दी है। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों का कहना है कि भारत में एप्पल के रिटेल नेटवर्क के तेजी से विस्तार के कारण यह कमी देखने को मिल रही है। नेटवर्क बड़ा होने की वजह से प्रति स्टोर भेजे जाने वाले स्टॉक में कमी आई है, जिसका सबसे ज्यादा असर आईफोन 17 प्रो और आईफोन 17 प्रो मैक्स मॉडल पर पड़ा है।

# आज से यूपीआई पेमेंट लिमिट बढ़ी, अब इंश्योरेंस-ईएमआई जैसे पेमेंट पर रोजाना 10 लाख रुपये तक ट्रांजेक्शन संभव




नई दिल्ली (आरएनएस) । भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने यूपीआई के जरिए बड़े लेनदेन करने वालों को बड़ी राहत दी है। आज यानी 15 सितंबर 2025 से यूपीआई की नई लिमिट लागू हो गई है। इसके तहत अब इंश्योरेंस, कैपिटल मार्केट, लोन ईएमआई और ट्रैवल जैसी कैटेगरी में एक दिन में 10 लाख रुपये तक का लेनदेन किया जा सकेगा।

एनपीसीआई ने बताया कि नई लिमिट केवल पर्सन-टू-मर्चेंट भुगतान पर लागू होगी। इसका मतलब है कि वेरिफाइड कारोबारियों और संस्थाओं को पेमेंट करते समय यूजर्स अब ज्यादा रकम ट्रांसफर कर पाएंगे। कुछ कैटेगरी में लिमिट 5 लाख रुपये और कुछ कैटेगरी में 10 लाख रुपये तय की गई है।

एनपीसीआई ने अपने 24 अगस्त के सर्कुलर में कहा था कि यूपीआई अब देश का सबसे पसंदीदा डिजिटल पेमेंट मोड बन चुका है। हाई वैल्यू पेमेंट्स की बढ़ती डिमांड को देखते हुए यह बदलाव किया गया है। टैक्स भुगतान से जुड़ी कैटेगरी के तहत 5 लाख रुपये तक की नई लिमिट लागू होगी।

ध्यान देने वाली बात यह है कि पर्सन-टू-पर्सन (PwP) यानी एक व्यक्ति से दूसरे को पैसे भेजने की लिमिट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह पहले की तरह ही एक लाख रुपये प्रतिदिन बनी रहेगी। नई व्यवस्था से उन ग्राहकों को खास फायदा मिलेगा, जिन्हें पहले हाई वैल्यू पेमेंट करने के लिए कई किस्तों में ट्रांजेक्शन करना पड़ता था या अन्य बैंकिंग चैनल का सहारा लेना पड़ता था। अब वे आसानी से यूपीआई से ही बड़े पेमेंट निपटा पाएंगे।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## सोशल मीडिया प्रतिबंध पर प्रदर्शन

नेपाल की राजधानी काठमांडू में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और राजनीतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले कुछ लोगों की मौत होने के बाद स्थिति काबू से बाहर हो गई है। पुलिस के साथ हुई झड़पों में खुद को जेन-जी यानी युवा पीढ़ी बता रहे 22 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है। काठमांडू के अलावा पूर्वी शहर इटहरी में दो लोग मारे गए। जगह-जगह कर्फ्यू लगा है, सेना सड़कों पर है। भारी झड़प व मौतों के बावजूद प्रदर्शनकारी पीछे हटने को राजी नहीं है। गृहमंत्री रमेश लेखक के बाद अब प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने भी घटना के बाद इस्तीफा दे दिया है। सरकार की तरफ से मिले संकेतों के अनुसार जल्द ही सोशल मीडिया से बैन हटाया जा सकता है। सरकार के रवैये और भ्रष्टाचार के कथित आरोपों को लेकर युवाओं में जबरदस्त आक्रोश है। उग्र होते प्रदर्शन को देखते हुए संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास, शीतल निवास पर कर्फ्यू लगा है। अभी कुछ ही महीनों पहले नेपाल में राजशाही बहाल करने को लेकर आंदोलन हो चुका है। तब भी नाराज युवाओं द्वारा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। सरकार ने पिछले सप्ताह ही फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप जैसे छब्बीस सोशल मीडिया व मैसेजिंग प्लेटफार्म्स पर प्रतिबंध लगा दिया। सरकार का आरोप है, ये सोशल मीडिया कंपनियां कानूनों का पालन करने में कोताही कर रही हैं।चीन की सोशल मडिया कंपनी टिकटाक द्वारा सभी नियमों का पालन किया है इसलिए उस पर प्रतिबंध नहीं लगा है। टिकटाक पर चल रहे नेपोबेबी ट्रेंड हो रहा है, जिसमें नेताओं के बच्चों के ऐशो-आराम भरे जीवन की तस्वीरें व वीडियो वायरल किए जा रहे हैं।यह सच है कि बिला-वजह सोशल मीडिया को प्रतिबंधित करने से युवाओं में आक्रोश बढ़ना स्वाभाविक है। नेपाल में भ्रष्टाचार, रितखोरी व भाई-भतीजावाद को लेकर जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई न होने को पर भी नेपालियों में भारी निराशा है। वे देश की बदहाली के लिए राजनेताओं को दोषी मानते हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि मीडिया वास्तविकता छिपाने में सरकार का पक्षकार बन गया है। वे इसे स्वतंत्रता पर हमला मान रहे हैं।जनता की ताकत को नजरंदाज करने वालों को यह समझना होगा कि नई पीढी निरंकुशता मौन होकर नहीं बर्दाश्त कर सकती। उसे अपने अधिकारों और ताकत का अंदाजा है। नेताओं को राजशाही वाले अंदाज त्यागने होंगे।



*बिहार की राजधानी पटना में विश्वार्य भवन में इंजीनियर दिवस के अवसर पर अपनी मांगों को लेकर संविदा इंजीनियरों ने आंखों पर काली पट्टी बांधकर सरकारी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया।*

# भारत की डिजिटल क्रांतिः परिवर्तन का एक दशक और भावी योजना

**राव इंद्रजीत सिंह**

पिछले एक दशक में भारत में एक ऐसी डिजिटल क्रांति आई है जो असाधारण है। जो प्रक्रिया लक्षित प्रौद्योगिकीय अंत:क्षेपों की एक श्रृंखला के रूप में शुरू हुई थी वह अब एक व्यापक परिवर्तन के रूप में विकसित हो चुकी है, जो भारतीय जीवन के लगभग हर पहलू जैसे अर्थव्यवस्था, शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, वाणिज्य, और देश के कोने-कोने में बसे किसानों और छोटे उद्यमियों के जीवन को भी प्रभावित कर रही है।

यह यात्रा आकस्मिक नहीं थी। इसे भारत सरकार द्वारा ठोस नीति निर्धारण, अंतरमंत्रालयी सहयोग, और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया है। जब संबद्ध मंत्रालयों जैसे इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), वित्त मंत्रालय (एमओएफ), कृषि मंत्रालय, और अन्य मंत्रालयों ने बड़े पैमाने में ज़मीनी स्तर पर परियोजनाओं को पूरा किया, तो दूसरी ओर नीति आयोग ने अभिसरण को बढ़ावा देकर, विचारों को नेतृत्व देकर, और स्केलेबल, नागरिक-प्रमुखता वाले नवाचारों की ओर प्रणाली को प्रेरित कर नीति इंजन का काम किया है।

जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी की शुरुआत के साथ इसमें एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। लगभग 55 करोड़ बैंक खातों के खोलने के साथ-साथ, करोड़ों लोगों को, जो पहले वित्तीय प्रणाली की पहुंच से बाहर थे, उन्हें अकस्मात बैंकिंग व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक पहुंच प्राप्त हुई है। ओडिशा के एक छोटे से गांव में पहली बार बिना बिचौलिए की सहायता से एक सिंगल मदर को कल्याणकारी लाभ सीधे उनके खाते में प्राप्त करने में सक्षम बनाया गया। उनकी कहानी भारत भर के करोड़ों लोगों की कहानी बन गई है। यह वृहद वित्तीय समावेशन आंदोलन वित्त मंत्रालय के समर्थन और आधार तथा मोबाइल पैठ की सक्षम सहायता से अगला कदम: एक वित्तीय-प्रौद्योगिकी विस्फोट का आधार बना।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्ज़ी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआई के माध्यम से लेनदेन होते हैं, और यहाँ तक कि सड़क किनारे के विक्रेता वाले भी एक साधारण क्यूआर कोड के ज़रिए डिजिटल भुगतान स्वीकार कर रहे हैं।

इसी दौरान, इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत भारत के डिजिटल अवसंरचना के मुख्य तंत्र को धीरे-धीरे और निरंतरता



से तैयार किया जा रहा है। भारतनेट जैसी परियोजनाओं ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों तक ब्राडबैंड पहुँचाया है, जबकि इंडिया स्टैक ने कागज़-रहित, उपस्थिति-रहित और नकदी-रहित सेवाओं का ढाँचा तैयार किया। डिजी-लाकर ने छात्रों को अपने प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में रखने, और ई-हस्ताक्षर ने महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के लिए दूरस्थ प्रमाणीकरण प्रदान किया। डिजी-यात्रा एक अग्रणी पहल है जो चेहरे के पहचान की तकनीक का उपयोग करके निर्बाध, कागज़-रहित और संपर्क-रहित हवाई यात्रा को संभव बनाती है। यह त्वरित चेक-इन, बेहतर यात्री अनुभव और बेहतर हवाई अड्डे की क्षमता में सुधार सुनिश्चित करती है, साथ ही विकेंद्रीकृत पहचान प्रबंधन के माध्यम से डेटा गोपनीयता की सुरक्षा भी करती है। यह भारतीय विमानन के भविष्य की तैयारी और यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मात्र ऐप ही नहीं हैं - ये एक डिजिटल गणराज्य की आधारशिला हैं।

डिजिटल गवर्नेंस ने भी गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के शुभारंभ के साथ बड़ी उछाल लगाई है। सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए डिज़ाइन किए गए, जेम ने 1.6 लाख से अधिक सरकारी क्रेताओं को 22 लाख से अधिक विक्रेताओं से जोड़ा है - जिसमें महिला उद्यमियों और एमएसएमई की बढ़ती संख्या शामिल है। राजस्थान के एक छोटे हस्तशिल्प विक्रेता के लिए, इसका अभिप्राय सरकारी संविदाओं तक पहुंच प्रदान करना था जो पहले अकल्पनीय था।

कृषि क्षेत्र, जिसे प्राय: परिवर्तन के प्रतिरोधी के रूप में देखा जाता है, ने भी डिजिटल साधनों को अपनाना शुरु कर दिया है। पीएम-किसान जैसे प्लेटफार्म ने यह सुनिश्चित किया कि आय सहायता किसानों तक सीधे पहुँचे। ई-नैम ने राज्यों की कृषि मंडियों को जोड़ा, जिससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल सके। डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड ने उन्हें यह समझने में मदद की कि उन्हें कौन सी फसलें उगानी चाहिए और अपनी भूमि में कौन से पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए। झारखंड के ग्रामीण-क्षेत्रों में, स्थानीय उद्यमियों द्वारा संचालित सीएससी (कामन सर्विस सेंटर) उनके लिए एक प्रकार से डिजिटल जीवन रेखा बन गए, जो टेली-मेडिसिन से लेकर बैंकिंग और कौशल विकास कार्यक्रमों तक, हर चीज की पेशकश करते हैं।

महामारी भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के लिए एक कठिन परीक्षा थी जिसमें हम बखूबी सफल हुए। स्कूल बंद होने के बावजूद, दीक्षा और स्वयं जैसे प्लेटफार्मों ने यह सुनिश्चित किया कि पढ़ाई अनवरत चलती रहे। लद्दाख और केरल के छात्र भी भारत भर के शिक्षकों द्वारा तैयार की गई शिक्षण सामग्री का प्रयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने अपना आकार लिया, जिससे नागरिकों को एक डिजिटल आईडी के माध्यम से अपने स्वास्थ्य रिकार्ड तक पहुँच प्राप्त हुई और अस्पतालों एवं राज्यों में एक सहज वातावरण बन सका।

वाणिज्य में भी एक शांत क्रांति देखी गई। डीपीआईआईटी की एक पहल, ओपन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स (ओएनडीसी) अब छोटी किराना दुकानों और हथकरघा बुनकरों को बड़ी ई-कामर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बना रही है। डिजिटल कामर्स के कार्यों को एकीकृत करके, ओएनडीसी प्रतिस्पर्धा के मैदान को समतल कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे व्यवसाय आसानी से लाजिस्टिक्स, भुगतान और ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणालियों तक पहुँच सकें।

नीति आयोग की अभिसरण भूमिका—मंत्रालयों, राज्यों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत को एकजुट करना है—जो सुनिश्चित करता है कि डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएँ अंतर-संचालनीय, समावेशी और स्केलेबल हों। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नए आयाम उभर रहे हैं: एआई-सक्षम शासन, विकेन्द्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएँ जो देश के सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुँच सकती हैं।

लेकिन यह सिर्फ़ एक सरकारी सफलता से जुड़ी कहानी नहीं है। यह एक राष्ट्र की कहानी है—करोड़ों नागरिकों की कहानी है जिन्होंने बदलाव को अपनाया, उद्यमियों की कहानी है जो डिजिटल रेल पर आगे बढ़े, और स्थानीय लीडरों की कहानी है जिन्होंने सेवा वितरण की नई कल्पना की। भारत का डिजिटल दशक सिर्फ़ तकनीक का नहीं है—यह बदलाव का दशक भी है और यह कहानी का अभी प्रारंभिक चरण ही है।

लेखक सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) एवं संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं।

# ओज़ोन परत की सुरक्षा के प्रयासों को बढ़ावा देना होगा

**संजय गोस्वामी**

विश्व ओज़ोन दिवस 2025, हर साल 16 सितंबर को मनाया जाता है। यह दिवस 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया जाता है यह दिवस पृथ्वी पर जीवन को हानिकारक पराबैंगनी (यूवी) विकिरण से बचाने में ओज़ोन परत के महत्व के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने का दिन है। विश्व ओज़ोन दिवस 2025 का विषय विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई तक है, जो मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की उपलब्धियों और निरंतर महत्व को उजागर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की एक पहल है। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का स्मरण और ओज़ोन परत की सुरक्षा के प्रयासों को बढ़ावा देना होगा। यह दिन पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करने और मानव स्वास्थ्य, पारिस्थितिक तंत्र और ग्रह की सुरक्षा में ओज़ोन परत की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। ओजोन परत क्षय एक गंभीर चुनौती ओजोन परत समुद्र सतह से 60 कि.मी. की ऊंचाई तक विविध सांद्रता वाली परतों में पाई जाती है। ओजोन गैस ऊपर वायुमण्डल में अत्यंत पतली एवं पारदर्शी परत बनाते हैं !ओजोन लेयर ऑक्सीजन गैस का ही एक रूप होता है ! जब ऑक्सीजन के तीन परमाणु एक साथ जुड़ जाते है तो वो ओजोन का निर्माण करते है !वायुमण्डल में ओजोन गैस का एक छाता सा आवरण पाया जाता है जिसे ओजोन परत या ओजोन मण्डल कह सकते हैं। वायुमण्डल की ऊंचाई 16 से 29 किलोमीटर तक मानी जाती है।

# देश का राजनीतिक,आर्थिक और सामाजिक पुनर्जागरण।

**संजीव ठाकुर,**

1947 में भारत एवं पाकिस्तान ने एक साथ स्वतंत्रता की प्राप्ति की थी किंतु पाकिस्तान एक मुस्लिम राष्ट्र की अवधारणा धारण कर अलग दिशा में आगे बढ़ता गया जिसके फल स्वरुप आज पाकिस्तान विपन्न और गरीब देश बन गया है। दूसरी तरफ भारत एक लोकतांत्रिक, जनतांत्रिक अवधारणा की दिशा में नई-नई विकास के सोपनो को प्रतिपादित कर आगे बढ़ता गया। भारत वैश्विक स्तर पर सामरिक आर्थिक एवं अन्य विषयों पर काफी हद तक प्रगति प्राप्त कर चुका है।भारत ने आश्चर्यजनक रूप से देश को विकसित मजबूत एवं सशक्त बना दिया है ।

भारतीय परिदृश्य और संदर्भ में भारत में विगत एक दशक में व्यापक तथा आमूल चूल परिवर्तन देखे गये हैं। राजनीतिक परिदृश्य में उत्तरदायित्व आधारित शासन प्रशासन-प्रणाली, सांस्कृतिक विमर्श में सनातनी सांस्कृतिक सभ्यता-गौरव की पुनर्प्राप्ति और आर्थिक नीतियों के संरचनात्मक सुधारों ने देश की दिशा और दशा तय की है। इन नई विचारधारा एवं रणनीति ने भारत को न केवल आंतरिक रूप से सशक्त किया बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित किया।

भारतीय राजनीति में पिछले दो दशकों का सबसे बड़ा परिवर्तन रिपोर्ट कार्ड राजनीति का उदय रहा, जिसमें आम जनता और राजनीतिक नेताओं और दलों का मूल्यांकन उनके किए गए कार्यों और परिणामों के आधार पर कसौटी पर कसा जाने लगा है ।संवैधानिक और नीतिगत स्तर पर कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए। 2019 में अनुच्छेद 370 का निरसन और जम्मू-कश्मीर का पुनर्गठन केंद्र की सख्त और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति तथा विचारधारा का प्रतीक बना। तीन तलाक कानून ने मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रखा। वहीं नागरिकता संशोधन अधिनियम ने राष्ट्रीयता और शरणार्थी नीति पर नई विचारों की श्रृंखला को जन्म दिया। भारत की परंपरागत लोकतांत्रिक विरासत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए नया संसद भवन, ई-संसद और डिजिटलीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य को शामिल किया गया है। दूसरी तरफ विपक्ष की भूमिका, मीडिया की स्वतंत्रता और चुनावी राजनीति में सोशल मीडिया तथा धनबल के प्रभाव ने लोकतांत्रिक विमर्श को चुनौतीपूर्ण और प्रभावशाली भी बनाया गया है। नये भारत की संकल्पना और अवधारणा को केवल राजनीति या अर्थव्यवस्था तक सीमित परिसीमित नहीं रखा गया है बल्कि सांस्कृतिक क्षेत्र के व्यापक फलक पर भी इसका गहरा असर और परिणाम परिलक्षित हुए हैं । भारत की महान अर्वाचीन योग और आयुर्वेद जैसी परंपरा को वैश्विक स्तर प्रचारित प्रसारित कर नई अवधारणा तथा पहचान प्रदान की गई है। अयोध्या में राममंदिर निर्माण ने भारतीय परंपरा और धार्मिक-सांस्कृतिक आकांक्षाओं की विशाल अवधारणा को मूर्त रूप दिया गया है। शिक्षा और पाठ्यपुस्तकों में भारतीय आख्यानों और इतिहास को नवीन स्वरूप देने के प्रयास किए गए हैं। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं को पुष्पित पल्लवित करने के प्रयासों को संपूर्ण प्रोत्साहन दिया गया। साथ ही, सांस्कृतिक कूटनीति नवीन अवधारणा के माध्यम से भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान और अधिक सुदृढ़ रूप से विस्तारित की है।

## आज का राशिफल



मेष-घर-परिवार में जिम्मेदाराना व्यवहार प्रशंसा का हकदार बनाएगा। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच रंग लायेगी। किसी नये कार्य में रुचि से उत्साहित होंगे। रविवार एवं सोमवार को आकस्मिक किसी सुखद समाचार से मन प्रसा होगा। काफी दिनों से अवरोधित महत्वपूर्ण कार्य हल होंगे।

वृषभ-पुरानी सभी समस्याएं हल होंगी। व्यावसायिक व्यस्तता से निजी जरूरतों के प्रति समयाभाव आड़े आएगा। कुछ नई शंकाएं पुराने संबंधों में कटुता पैदा करेंगी। जीवन साथी के स्वास्थ के प्रति सतर्क रहें। संघर्ष के समय में भी कुछ अच्छे आसार नजर आएंगे। रविवार एवं मंगलवार को शासन-सत्ता में पकड़ मजबूत होगी।

मिथुन-किसी नये व्यवसाय के प्रति आकषर्ण बढ़ेगा। शासन-सत्ता के लोगों के लिए समय अनुकूल होगा। सोमवार एवं मंगलवार को महत्वाकांक्षाएं सकारात्मकता हेतु उद्वेलित करेंगी। परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिंतित होगा। मित्र के भेष में गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहें।

कर्क- कार्यक्षेत्र में अच्छी सफलताएं मिलेंगी। राजकीय कर्मचारियों को नौकरी में कुछ परिवर्तित स्थितियां सुखद लगेंगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होंगे। सोमवार एवं बुधवार को स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव। जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। परिवार में किसी श्रेष्ठजन की अस्वस्थता संभव।

सिंह-आर्थिक सुदृढ़ता हेतु मन नई योजनाओं पर केंद्रित होगा। नौकरी में अनवरत् श्रम से मन खिा होगा। रविवार एवं सोमवार को अच्छी अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। राजनीतिज्ञों की सक्रियता बढ़ेगी। शिक्षार्थियों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को अपने व्यवहार से सगे-संबंधियों के बीच प्रगाढ़ता बढ़ाएंगे। कार्यक्षेत्र में अनुकूल स्थिति से मन प्रसा होगा।

कन्या-कुछ आर्थिक कठिनाईयां मन को परेशान करेंगी। विषम स्थिति में संयम से काम लें। आकस्मिक किसी सुखद समाचार से मन प्रसा होगा। राजकीय कर्मचारियों के स्थान परिवर्तन का योग है। घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की व्यस्तता होगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में अर्थाभाव अवरोधक बनेगा। किसी नये व्यवसाय में पूंजी निवेश से पूर्व अनुभवी लोगों से सलाह लें।

तुला-कुछ महत्वपूर्ण अवरोधित कार्य पूर्ण होंगे। शिक्षार्थियों का मन अनवरत् परिश्रम के लिए केंद्रित होगा। यह समय जीवन में बड़े परिवर्तन का है। अविवाहितों के विवाह तय होने का समय कहा जाएगा। कार्यक्षेत्र में विरोधियों की सक्रियता से सावधान रहें। राजकीय कर्मचारियों के लिए नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर हो सकता है। प्रणय संबंध प्रगाढ़ता होंगे। बृहस्पतिवार एवं शनिवार को कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

वृश्चिक-कोई धार्मिक आयोजन में व्यस्तता बढ़ेगी। लंबी दूरी की यात्रा संभव। आर्थिक क्षेत्र में बड़े परिवर्तन का समय है। आय के साधन सुलभ होंगे। अच्छी योजनाओं द्वारा सफलता मिलेगी। सोमवार एवं मंगलवार को आय-व्यय में संतुलन बनायें। कार्यक्षेत्र में बचकाना स्वभाव पर नियंत्रण रखें। बृहस्पतिवार एवं शनिवार को उच्च स्तरीय लोगों से निकटता का लाभ मिलेगा। परिजनों के स्नेह से उत्साह कर अनुभूति होगी।

धनु-धनागम के नये स्रेत बनेंगे। आर्थिक क्षेत्र में नई योजनाओं के क्रियान्वित होने से प्रगति होगी। उच्च स्तरीय लोगों से निकटता प्रगति की ओर अग्रसर करेगी। रोजगार में बड़े परिवर्तन का समय है। आकस्मिक कोई यात्रा लाभप्रद हो सकती है। शिक्षा में समुचित परिश्रम के लिए मन केंद्रित होगा।

मकर-घर-परिवार में मांगलिक आयोजन संभव।नये दायित्वों की वृद्धि से मन उनकी पूर्ति हेतु चिंतित होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में अर्थ व्यय संभव। सोमवार एवं मंगलवार को परिजनों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होंगे। शुक्रवार एवं शनिवार को महत्वपूर्ण स्थिति में बचकाना स्वभाव से कार्यक्षेत्र में छवि कुप्रभावित हो सकती है।

कुंभ-अच्छे विचार प्रतिभाओं को उजागर करने में सक्षम होंगे। राजनीतिज्ञों को अनुकूल वातावरण का लाभ मिलेगा। परिश्रम द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करेंगे। बढ़ती जिम्मेदारियां पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। सोमवार एवं मंगलवार को प्रयासरत् क्षेत्रों में थोड़े अवरोधों का सामना करना पड़ेगा।

मीन-इस सप्ताह बीती बातों को भूलना ही श्रेष्ठकर होगा, क्योंकि इससे संबंध अच्छे बनेंगे। भौतिक सुख-साधनों की पूर्ति में अत्याधिक व्यय संभव। रविवार एवं सोमवार को किसी निकट संबंधी से भावनात्मक कष्ट की आशंका है।

# 20 साल बाद फीलगुड फैक्टर क्रिएट

**अजीत द्विवेदी**

अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने 2004 का लोकसभा चुनाव फीलगुड और शाइनिंग इंडिया के नारे और नैरेटिव पर लड़ा था। चारों तरफ चमकते भारत की तस्वीर दिखाई जा रही थी। लेकिन उनका गठबंधन चुनाव हार गया था। उस समय लगा था कि इन नारों ने लोगों को आहत कर दिया क्योंकि जमीनी हकीकत नारों से उलट थी। हालांकि अब रेट्रोस्पेक्टिव तौर पर देखें तो ऐसा लगता है कि आज बहुत सी चीजें जो भारत में अच्छी दिख रही हैं, जिनमें सड़कों का जाल एक चीज है, उसकी नींव उसी समय पड़ी थी। बहरहाल, उस समय फीलगुड का नारा फेल हो गया था।

उसके 20 साल बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार फीलगुड फैक्टर क्रिएट कर रही है। लोगों को कम्फर्ट का अहसास दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। 2047 तक भारत को विकसित बनाने के वादे के साथ साथ यह बताया जा रहा है कि सरकार लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए कितना कुछ कर रही है। चारों तरफ हरियाली दिखाने की कोशिश हो रही है। इस नैरेटिव की तात्कालिक परीक्षा बिहार विधानसभा चुनाव में होगी और उसके बाद पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुना में भी होगी।

सबसे पहले यह देखने की जरुरत है कि सरकार किन फैसलों से फीलगुड फैक्टर क्रिएट कर रही है और उसका क्या असर हो सकता है? लोगों को अच्छा महसूस कराने का बड़ा फैसला जीएसटी सुधार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से 15 अगस्त के अपने भाषण में ऐलान किया कि इस बार दिवाली पर डबल दिवाली मनेगी। उसके बाद सरकारी सिस्टम का पहिया इतनी तेजी से घूमा किया कि प्रधानमंत्री की घोषणा के एक महीना पूरा होने से पहले ही जीएसटी की दरों को बदलने का फैसला हो गया।

जीएसटी के 12 और 28 फीसदी के दो स्लैब खत्म हो गए और 12 फीसदी टैक्स वाली 90 फीसदी चीजें पांच फीसदी के टैक्स स्लैब में आ गई। यानी इनकी कीमतों में सात फीसदी तक की कमी आएगी। कई चीजों पर जीरो टैक्स कर दिया गया और बड़ी गाड़ियों के ऊपर भले 40 फीसदी टैक्स कर दिया गया है लेकिन उस पर लगने वाला सेस हटा दिया गया तो उनकी कीमत में भी 10 फीसदी तक की कमी आएगी। बीमा के प्रीमियम पर से तो सरकार ने 18 फीसदी टैक्स को जीरो कर दिया। अब देखना है कि कंपनियां इसका कितना लाभ आम लोगों तक ट्रांसफर करती हैं।

यह सचमुच बहुत बड़ा फैसला है। रोजमर्रा की जरुरत की चीजों पर टैक्स घटाना, बीमा के प्रीमियम को सस्ता बनाना, छोटी व बड़ी गाड़ियों पर टैक्स कटौती, सीमेंट की कीमतों में कमी जैसी कई चीजें हैं, जिनसे लोग निश्चित रूप से अच्छा महसूस कर रहे हैं। ऊपर से सरकार का प्रचार है। सरकार के प्रचार को देख कर ऐसा लग रहा है जैसे अभी से पहले देश में कांग्रेस और राहुल गांधी की सरकार चल रही थी, जिन्होंने देश के लोगों पर बहुत सारा टैक्स लाद रखा था और अब 15 अगस्त 2025 को नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है, जिन्होंने देश के लोगों को टैक्स की गुलामी से मुक्ति दिलाई है।

असलियत यह है कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने ही जुलाई 2017 में आधी रात को संसद का सत्र बुला कर जीएसटी लागू किया था। जीसटी की जिन दरों में कटौती की गई वो सारी दरें मोदी सरकार ने ही लागू की थीं और राहुल गांधी आठ साल से कह रहे थे कि ये दरें बहुत ज्यादा हैं और जीएसटी की व्यवस्था बहुत जटिल है। वे बार बार टैक्स कटौती और इसकी व्यवस्था को सरल बनाने की मांग कर रहे थे। लेकिन सरकार का नैरेटिव ऐसा है, जैसे राहुल और कांग्रेस ने टैक्स लगाए थे और जीएसटी को जटिल बनाया था और अब नरेंद्र मोदी की सरकार टैक्स कम कर रही है और जीएसटी को सरल बना रही है!

जो हो देश में फीलगुड आया दिख रहा है। लोगों कीमतें कम होने के इंतजार में हैं। त्योहारों में खरीदारी की तैयारी हो रही है। बाजार की भी अपनी तैयारियां हैं। कीमतें कम होने से महंगाई घटेगी और महंगाई घटेगी तो भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कटौती करेगा, जिससे बाजार में मांग बढ़ाने में मदद मिलेगी। मांग बढ़ेगी तो विकास दर में भी तेजी आएगी। ध्यान रहे चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर का अनुमान साढ़े छह फीसदी का था लेकिन वास्तविक दर 7.8 फीसदी रही।

इसके बावजूद रिजर्व बैंक ने पूरे साल की विकास दर का अनुमान साढ़े छह फीसदी से नहीं बढ़ाया क्योंकि उसको पता है कि अमेरिकी टैरिफ और भू राजनीतिक स्थितियों से आगे कुछ भी हो सकता है। सरकार सावधनी बरत रही है। उसकी उम्मीद इतनी है कि अगर अमेरिकी टैरिफ कम नहीं होता है तो उससे होने वाले नुकसान को जीएसटी में कटौती से बराबर किया जा सके। इतना भी हो गया तो बड़ी बात होगी। एक अनुमान अमेरिकी टैरिफ से 0.2 से 0.6 फीसदी नुकसान का है तो जीएसटी में कटौती से जीडीपी में 0.6 फीसदी की बढ़ोतरी का है।

बहरहाल, जीएसटी के अलावा इस बात से भी फीलगुड फैक्टर क्रिएट किया गया है कि सरकार ने कर मुक्त आय की सीमा बढ़ा कर 12 लाख रुपए कर दी। निश्चित रूप से यह बहुत बड़ा फैसला था। आमतौर पर केंद्र सरकार के बजट में मध्य वर्ग की नजर इस बात पर रहती थी कि आयकर में क्या छूट मिलती है। केंद्र सरकार ने आयकर छूट की सीमा बढ़ा कर 12 लाख रुपए कर दी है, जिससे नौकरी पेशा करोड़ों लोगों को फायदा हुआ है। यह प्रत्यक्ष कर में आजादी के बाद का सबसे बड़ा सुधार या सबसे बड़ी छूट थी तो जीएसटी में कटौती अप्रत्यक्ष कर में उसी साइज का सुधार है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर का यह सुधार निश्चित रूप से देश के लोगों को आर्थिक रूप से प्रभावित करेगा और मनोवैज्ञानिक रूप से भी प्रभावित करेगा। इससे एक सकारात्मक धारणा का निर्माण होगा, जिसे राजनीतिक फायदे में बदला जा सकता है।भाजपा को सबसे पहले इसे बिहार में ही राजनीतिक फायदे में बदलना है। वहां इन दो बड़े फैसलों को अलावा अलग ही फीलगुड फैक्टर क्रिएट किया जा रहा है।

# घुसपैठियों को जड़ से उखाड़ेंगे: पूर्णिया में गरजे पीएम मोदी

पूर्णिया (ए.)। नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार के विकास की ये गति, बिहार की ये प्रगति कुछ लोगों को रास नहीं आ रही है। जिन लोगों ने दशकों तक बिहार का शोषण किया, इस मिट्टी को धोखा दिया, आज वो ये मानने को तैयार ही नहीं कि बिहार भी नए कीर्तिमान बना सकता है। आज Made In Bihar रेल इंजन एक्सपोर्ट होकर अफ्रीका तक जा रहा है। लेकिन ये सब कांग्रेस और RJD वालों को पच नहीं रहा है। बिहार जब भी आगे बढ़ता है, ये लोग बिहार का अपमान करने में जुट जाते हैं। उन्होंने कहा कि अभी आपने देखा होगा कि RJD की सहयोगी कांग्रेस पार्टी सोशल मीडिया पर बिहार की तुलना बीड़ी से कर रही है। इन लोगों को बिहार से इतनी नफरत है। इन लोगों ने घोटाले और भ्रष्टाचार करके बिहार की साख को बहुत नुकसान पहुंचाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब बिहार को विकास करते देखकर, कांग्रेस और राजद ने फिर बिहार को बदनाम करने की ठान ली है। ऐसी मानसिकता वाले लोग कभी बिहार का भला नहीं कर सकते। जिन लोगों को अपनी तिजोरी भरने की चिंता रही हो,



वो गरीब के घर की चिंता क्यों करें? उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री ने माना था कि कांग्रेस सरकार 100 पैसा भेजती है, तो 85 पैसा बीच में ही लूट जाता है। कांग्रेस-RJD की सरकार में सीधे गरीब के खाते में पैसे नहीं आ पाते थे। लालटेन जलाकर वो पंजा उस पैसे पर हाथ मारता था और 85 पैसे मार लेता था। अपना हमला जारी रखते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस और RJD से न केवल बिहार के सम्मान को खतरा है, बल्कि बिहार की पहचान को भी खतरा है। आज सीमांचल और पूर्वी भारत में घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी का कितना बड़ा संकट खड़ा हो चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार, बंगाल, असम जैसे कई राज्यों के लोग अपनी बहन-बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। इसलिए मैंने लाल किले से डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। लेकिन, वोटबैंक का स्वार्थ देखिए, कांग्रेस-RJD और उनके इकोसिस्टम के लोग घुसपैठियों की वकालत करने में जुटे हैं, उन्हें बचाने में लगे हैं। और बेशर्मी के साथ ये लोग विदेश से आए घुसपैठियों के लिए नारे लगा रहे हैं, यात्राएं निकाल रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पूर्णिया की इस धरती से मैं इन लोगों को एक बात अच्छी तरह समझाना चाहता हूं। ये RJD और कांग्रेस वालों की जमात जरा कान खोलकर मेरी बात सुन लो। जो भी घुसपैठिया है, उसे बाहर जाना ही होगा। घुसपैठ पर ताला लगाना NDA की पक्की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जो नेता उनके बचाव में खड़े हैं, जो घुसपैठियों को बचाने के लिए मैदान में हैं। मैं उनको चुनौती देता हूं कि आप लोग घुसपैठियों को बचाने में चाहे जितना जोर लगा लें, हम घुसपैठियों को हटाने के संकल्प पर काम करते रहेंगे। भारत में भारत का कानून चलेगा, घुसपैठियों की मनमानी नहीं। ये मोदी की गारंटी है- घुसपैठियों पर कार्रवाई भी होगी और देश

## सरकार का पांच साल में वाहन क्षेत्र को शीर्ष पर पहुंचाने का लक्ष्य : गडकरी

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सरकार अगले पांच साल में भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में शीर्ष पर पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने 'अंतरराष्ट्रीय मूल्य शिखर सम्मेलन 2025' का उद्घाटन करते हुए कहा कि वाहन क्षेत्र सरकार को सबसे अधिक जीएसटी राजस्व देता है और रोजगार के अवसर पैदा करता है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा, ''हमारा लक्ष्य पांच साल के भीतर भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में शीर्ष स्थान वाला बनाना है।'' गडकरी ने बताया कि देश में दुनिया की सभी बड़ी वाहन कंपनियां मौजूद हैं। उन्होंने कहा, ''जब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था। अब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 22 लाख करोड़ रुपये है।''

## पाकिस्तान को फायदा पहुंचाने के लिए खेला गया मैच : संजय राउत

नई दिल्ली (आरएनएस)। शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान के बीच खेले गए मुकाबले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ खेलना ही एक अपराध और देशद्रोह है।

उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया है, लेकिन उन 25 महिलाओं की मांग का क्या जो मिटा दी गई थीं? जब पाकिस्तान को घुसकर मारने का मौका था, तब भाजपा की सरकार पाकिस्तान को फायदा पहुंचाने के लिए खेला गया मैच : संजय राउतविवार को जो हुआ क्या वह फिक्स मैच था। उस मैच पर डेढ़ लाख करोड़ रुपए का सट्टा खेला गया, इसमें पाकिस्तान को भी उसका हिस्सा मिला होगा। कल के मैच की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को कम से कम एक हजार करोड़ रुपए मिले होंगे। संजय राउत ने कहा कि आप पाकिस्तान को हमारी महिलाओं की मांग मिटाने के लिए सक्षम बना रहे हैं। पाकिस्तान जीता या हारा, इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। कुल मिलाकर मैच में डेढ़ लाख करोड़ का जुआ खेला गया। सब कुछ पहले से फिक्स करके ये मैच खेला गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान को फायदा पहुंचाने के लिए यह मैच खेला गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए सांसद संजय राउत ने सवाल किया कि क्या अमित शाह को ये सब नहीं पता है, क्या भारतीय क्रिकेट बोर्ड को ये नहीं पता चला। भारतीय टीम की मैच खेलने की इच्छा नहीं थी, फिर भी सरकार ने उन्हें खेलने पर मजबूर किया। अगर सरकार ने खेलने की अनुमति नहीं दी होती तो टीम मैदान में नहीं उतरती।

## जोधपुर : गोरा होटल के पास फायरिंग, एक व्यक्ति घायल

जोधपुर,(आरएनएस)। शहर के गोरा होटल के पास रविवार को आपसी रंजिश के चलते फायरिंग की घटना सामने आई। घटना में नाथूराम नामक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कथित तौर पर रवि बिश्नोई और उसके साथियों ने फायरिंग की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। गौरतलब है कि एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में पहले ही इस तरह की आशंका जताई गई थी।

## ऑपरेशन साइबर संग्राम : साइबर ठगों के सिंडिकेट का भंडाफोड़, 3 आरोपी गिरफ्तार

अलवर,(आरएनएस)। पुलिस ने ऑपरेशन साइबर संग्राम के तहत एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए साइबर ठगी के लिए म्यूल अकाउंट (संदिग्ध बैंक खाते) उपलब्ध कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो हिस्ट्रीशीटर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 1 लाख 58 हजार रुपये नकद, एक थार गाड़ी और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इस गिरोह का मुख्य आरोपी बरकत अली को पहले ही 4 सितम्बर को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के निर्देश पर की गई, जिसमें ऑनलाइन ठगी, सेक्सटॉर्शन और ओएलएक्स फ्रॉड जैसे मामलों की जांच की जा रही थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ आईपीएस और वृत्ताधिकारी उत्तर शहर अंगद शर्मा के सुपरविजन में यह ऑपरेशन चलाया गया।वैशाली नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने मामले में आरोपी हिस्ट्रीशीटर आलीम खान पुत्र खैर मोहम्मद मेव (23) और साजिद खान उर्फ टर्बो पुत्र आमीना मेव (24) के साथ आरोपी जावेद खान पुत्र समयदीन मेव (27) निवासी नंगला वंजीरका थाना बगड़ तिराया जिला अलवर को गिरफ्तार किया है।

# इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक के टॉपरों को मिलेगा लैपटॉप: मंत्री सुमित कुमार सिंह

नई दिल्ली (ए.)। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा कि राज्य भर के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों के विभिन्न संकायों में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को अगले वर्ष से मेधावी छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार के अंतर्गत लैपटॉप दिया जाएगा। वर्तमान में इस पुरस्कार के अंतर्गत इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक दोनों कॉलेजों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः पांच, चार और तीन हजार रुपए नकद पुरस्कार के साथ ही प्रमाण पत्र और मेडल दिया जाता है। श्री सिंह ने कहा हमें पुरस्कार को केवल पांच विषयों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। इसके बजाय हम इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक के सभी विषयों में राज्य स्तर पर शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को लैपटॉप देना चाहेंगे। इससे छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होगा। मंत्री सुमित कुमार सिंह छात्र और उनके अभिभावकों के एक समूह को



सोमवार को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन तारामंडल परिसर में अभियंता दिवस के अवसर पर मेधावी छात्र प्रोत्साहन पुरस्कार 2025 के रूप में हुआ। यह पुरस्कार पांच विषयों में राज्य स्तर पर शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को दिया जाता है। भारत रत्न और प्रख्यात इंजीनियर डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर आयोजित इस सम्मान समारोह में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया जाना चाहिए।

## मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, पिस्तौल और कारतूस बरामद

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई क्राइम ब्रांच ने बांद्रा के कुरैशी नगर इलाके से एक 38 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से एक देसी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। मुंबई पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमरावती निवासी प्रफुल्ल विष्णु बावने उर्फ सचिन (38) के रूप में हुई है, जो मुंबई के मोहम्मद अली रोड इलाके में रहता था। क्राइम ब्रांच यूनिट 9 के अधिकारी सचिन पुराणिक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने कुरैशी नगर कंपाउंड में छापा मारा। इस कार्रवाई के दौरान क्राइम ब्रांच ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी के पास मौजूद एक बैग से स्टील की देसी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए।पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट की धारा 3 और 25 तथा मुंबई पुलिस एक्ट की धारा 37(1)(ए) और 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सपा सांसद वीरेंद्र सिंह का बड़ा बयान

## सूर्यकुमार यादव को बताया पीडीए का साथी

वाराणसी, (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप 2025 में रविवार को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान को 7 विकेट से पटखनी दी। इसके बाद चंदौली से सपा सांसद वीरेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला।सपा सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह मैच क्यों हुआ और किसको खुश करने के लिए हुआ, ये सोचने की बात है। एक बड़े नेता के बेटे के सामने देश का स्वाभिमान गिरवी रख दिया गया। ये देश के लिए बड़े शर्म की बात है।सपा सांसद ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग) का साथी बताया। सूर्यकुमार यादव के पाकिस्तानी कैप्टन से हाथ नहीं मिलाने परवीरेंद्र सिंह ने कहा कि ये उनका स्वयं का निर्णय रहा होगा, जिसमें उन्होंने भारत के स्वाभिमान के लिए, सेना के सम्मान के लिए कैप्टन होते हुए पाकिस्तानी कैप्टन से हाथ नहीं मिलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बंगाल दौरे पर सांसद वीरेंद्र सिंह ने टिप्पणी करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इवेंट बनाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। उन्हें देश चलाना है और वह चला रहे हैं। अगर हर दौरा उनका राजनैतिक होगा तो देश सवाल करेगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हस्ताक्षर अभियान पर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि पूरा विपक्ष देश में जागरूकता फैलाने का काम कर रहा है।

## दिशा पाटनी के घर की गली में बन रहा लोहे का गेट, फायरिंग के बाद उठाया गया कदम

बरेली (आरएनएस)। अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर 12 सितंबर की सुबह अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग की थी। दो अज्ञात लोग बाइक पर आए और दिशा के घर पर कई राउंड गोलियां चलाकर फरार हो गए।

इस हमले के बाद से ही दिशा पाटनी के परिवार वाले और आसपास के लोग दहशत में हैं। इसी बीच, सुरक्षा बढ़ाने के लिए गली के मुख्य द्वार पर एक लोहे का गेट लगाया जा रहा है। इसका काम तेजी से जारी है।

हमले के बाद से ही लोगों में दहशत का माहौल था। इसलिए गली की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए उसके मुख्य द्वार पर एक भारी-भरकम लोहे का गेट लगाया जा रहा है। इस दौरान एसपी सिटी सहित तमाम आला अधिकारी दिशा पाटनी के घर में मौजूद रहे। साथ ही दिशा पाटनी के घर की तरफ आने-जाने वाले मार्गों पर सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल पुलिस ने की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी आशुतोष शिवम कई घर और दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करते नजर आए। इससे पहले पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया था, रिटायर्ड सीओ जगदीश पाटनी के आवास पर मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात हमलावरों द्वारा फायरिंग की घटना की सूचना 12 सितंबर को मिली थी। एसपी सिटी एसओजी और सर्विलांस टीमों के साथ तुरंत मौके पर रवाना हुए। घटना की पुष्टि होने के बाद तहरीर के आधार पर कोतवाली थाने में गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की जा रही है।उन्होंने कहा था कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और हमलावरों की पहचान जल्द हो जाएगी। घटना की जिम्मेदारी कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए ली है। गोदारा ने दावा किया कि यह हमला प्रेमानंद महाराज और अनिरुद्ध महाराज पर दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी की कथित टिप्पणी का बदला है। पोस्ट में लिखा गया है कि खुशबू की टिप्पणी से आहत होकर यह कदम उठाया गया।इससे पहले दिशा पाटनी के पिता जगदीश पाटनी ने आईएएनएस से बातचीत में बताया, दो अज्ञात लोग बाइक पर आए और मेरे घर पर फायरिंग कर फरार हो गए। स्थानीय पुलिस, एसएसपी और एडीजी समेत पूरी पुलिस फोर्स इस मामले में सक्रिय है। कई टीमें जांच कर रही हैं। जैसे ही कोई नतीजा निकलेगा, जानकारी साझा की जाएगी। उन्होंने यह भी साफ किया था कि उनकी किसी से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है।

## अयोध्या से वाराणसी जा रही बस की ट्रेलर से टक्कर, चार की मौत, नौ घायल

जौनपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में सोमवार सुबह अयोध्या से वाराणसी जा रही एक टूरिस्ट बस अचानक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही ट्रेलर से टकरा गई। इस हादसे में चार लोगों की जान चली गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।यह हादसा वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर के पास हुआ। हादसे में मरने वाले सभी श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। सभी रामलला के दर्शन करने अयोध्या गए थे और वहां से वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने जा रहे थे।इस हादसे में घायल हुए लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं, ट्रेलर चालक से पूछताछ की जा रही है। हादसे के चलते हाईवे पर कुछ देर जाम की स्थिति भी बनी, जिसे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सामान्य किया।जौनपुर पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि घटना लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई। टूरिस्ट बस में 50 यात्री सवार थे। सभी यात्री छत्तीसगढ़ के निवासी बताए जा रहे हैं, जो धार्मिक यात्रा पर निकले थे।उन्होंने बताया कि अयोध्या से वाराणसी जा रही बस (सीजी 07 सीटी 4681) में छत्तीसगढ़ के लगभग 50 यात्री सवार थे।

# मुंबई में लगातार बारिश के जनजीवन बेहाल, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

मुंबई ,(आरएनएस)। मुंबई और उसके आसपास के जिलों में रविवार रात से ही तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने मुंबई में अगले कुछ घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मुंबई के कई जिलों में रविवार रात से ही लगातार तेज बारिश हो रही है, जिसकी वजह से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ घंटों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही, 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। लोगों को इस दौरान सतर्क और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। इसी बीच लगातार हो रही बारिश का असर सोमवार सुबह देखा गया। बांद्रा रेलवे स्टेशन पर ट्रैक पर पानी भर गया। लेकिन, अभी तक ट्रेनों का परिचालन बंद नहीं किया गया है।महाराष्ट्र के भंडारा जिले में भी सुबह से गरज-चमक के साथ



तेजबारिश हो रही है। इसके कारण शहर के शास्त्री चौक इलाके में जगह-जगह जलभराव हो गया है। तेज बारिश होने से महिला समाज स्कूल परिसर में भी पानी भर गया है और यहां का नजारा तालाब की तरह दिखने लगा। जलभराव के कारण छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बारिश ने मोनोरेल सेवा पर भी असर डाला। बारिश के कारण तकनीकी खराबी के चलते इसके परिचालन में दिक्कतें पैदा हुईं।

बीएमसी ने मौसम पूर्वानुमान में शहर और उपनगरों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश के साथ सामान्यत: बादल छाए रहने का पूर्वानुमान जताया है। इसी के साथ 30-40 किमी प्रति घंटे की तेज हवा के साथ गरज और बिजली गिरने की संभावना भी जताई गई है।

वहीं, भारी बारिश और तेज हवा को देखते हुए मछुआरों को विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा गया है। बारिश के दौरान मछली पकड़ने जैसे कार्यों से दूरी बरतने की सलाह दी गई है। वहीं, लोगों से समुद्र किनारे नहीं जाने को कहा गया है।प्रशासन ने कहा है कि लोग मौसम से जुड़ी आधिकारिक जानकारी प्राप्त करते रहें और किसी भी तरह की गलत सूचनाओं से बचें।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए।

## मान सरकार ने शुरू किया तेज़ और पारदर्शी गिरदावरी अभियान,गांव-गांव पहुंचेगी विशेष गिरदावरी टीम, 2167 पटवारी तैनात



चंडीगढ़, (आरएनएस)। पंजाब में आए भयानक बाढ़ के कारण हुए नुकसान का मूल्यांकन करने के लिए सूबे भर में आज से विशेष गिरदावरी शुरू हो गई है। इस मद्देनज़र पंजाब के राजस्व, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने आज सारे संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी कि वे इस प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध और परिणाममुखी ढंग से संपूर्ण करें ताकि कोई भी प्रभावित परिवार बनता मुआवज़ा प्राप्त करने से वंचित न रहे। स. हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशानुसार यह मुहिम जंगी स्तर पर शुरू की गई है, जिन्होंने भरोसा दिया है कि पंजाब के हर बाढ़ पीड़ित को 45 दिनों के अंदर मुआवज़ा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सारी प्रक्रिया पूरी ईमानदारी और जवाबदेही के साथ संपूर्ण की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मुआवज़ा कोई अहसान नहीं है, बल्कि प्रभावित लोगों का बनता हक है। राजस्व मंत्री ने स्पष्ट किया कि अधिकारियों द्वारा किसी भी तरह की लापरवाही या जान-बूझ कर की गई देरी की सूरत में सख़्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने भरोसा दिया कि विशेष गिरदावरी की निष्पक्ष और कुशल प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए सूबा सरकार द्वारा रोजाना आधार पर पूरी प्रक्रिया की निजी तौर पर निगरानी की जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने ग़ैर-प्रभावित क्षेत्रों के माल अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित गांवों में तैनात करने की भी हिदायत दी ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया समय पर मुकम्मल की जा सके।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज ने मोदी स्टोरी पेज किया साझा, बताया एक शानदार किस्सा

### -सालों बाद भी नहीं भूले लक्ष्मी नारायण को, भोपाल में मिले तो सबको कर दिया भावुक

नई दिल्ली,(ए)। पीएम नरेंद्र मोदी अपने जन्मदिन पर 17 सितंबर को मध्य प्रदेश के दौरे पर जा रहे हैं। इससे पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर मोदी स्टोरी पेज के एक वीडियो को साझा किया है। शिवराज ने वीडियो के जरिए पीएम मोदी के किस्से के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जब नरेंद्र मोदी बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री थे, तब वे अक्सर मध्य प्रदेश आया करते थे। उन्होंने पूरे प्रदेश का व्यापक दौरा किया और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि सालों बाद भी वे उन कार्यकर्ताओं को याद रखते हैं, उनके बारे में पूछते हैं और उनके योगदान को सम्मान देते हैं। शिवराज ने कहा कि मुझे उनका एक प्रसंग हमेशा याद रहता है। एक बार नरेंद्र मोदी ने मुझसे लक्ष्मी नारायण गुप्ता के बारे में पूछा, जो कभी मंत्री रहे थे। बाद में जब मोदी भोपाल में एक कार्यक्रम में आए तो मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे लक्ष्मी नारायण गुप्ता से मिलेंगे तो उन्होंने तुरंत सहमति



दे दी। शिवराज ने कहा कि हमने लक्ष्मी नारायण को मोदी से मिलने के लिए आमंत्रित किया। हमें लगा था कि पीएम मोदी उनसे बस हालचाल पूछेंगे और आगे बढ़ जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, उन्होंने सबको भावुक कर दिया। शिवराज सिंह ने बताया कि जैसे ही पीएम मोदी वहां पहुंचे, उन्होंने सबसे पहले झुककर लक्ष्मी नारायण के चरण छुए। वह दृश्य अत्यंत भावुक कर देने वाला था। भारत के पीएम एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे और फिर भी उन्होंने पार्टी के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता के प्रति इतना सम्मान जताया। इससे साफ है कि पीएम मोदी पार्टी के विस्तार में योगदान देने वालों को कितनी श्रद्धा और मान देते हैं। उन्होंने कहा कि जब मोदी उनसे मिले तो लक्ष्मी नारायण भी भावुक हो गए।

## आसमानी लहंगे में सजी आमना शरीफ, हर अदा में झलका फितूर



बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस आमना शरीफ अपने स्टाइलिश और पारंपरिक लुक के लिए पहचानी जाती हैं, और इस बार भी उन्होंने अपने लुक से सभी का दिल जीत लिया है। आमना ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसने उनके फैंस और फॉलोअर्स के बीच काफी चर्चा बटोरी है।

तस्वीर में आमना शरीफ आसमानी रंग के लंहगे में नजर आ रही है, जो उन्हें शाही और आकर्षक लुक दे रहा है। इस लहंगे के साथ उन्होंने एक नेट का दुपट्टा लिया हुआ है, जिस पर गोल्डन जरी का काम है। उन्होंने माथे पर मांग टीका, कानों में भारी झुमके और हाथों में लहंगे से मैच करती चूड़ियां पहनी हुई हैं। साथ ही अपने बालों को हल्के वेव्स के साथ स्टाइल किया है, जिससे एक सॉफ्ट और नैचुरल लुक उभर कर सामने आ रहा है। हल्का आई मेकअप और ग्लोइंग स्किन टोन के साथ उन्होंने अपने मेकअप को लाइट रखा है। इस फोटो के साथ उनका कैप्शन भी काफी दिलचस्प है। उन्होंने कैप्शन में फितूर शब्द का इस्तेमाल किया है, जो उनके इस लुक के पीछे के जज्बात को दर्शाता है।

बता दें कि आमना शरीफ ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग के जरिए की। उन्हें कॉलेज के दौरान ही ब्रांड विज्ञापनों और म्यूजिक वीडियो के ऑफर मिलने लगे थे। अभिजीत भट्टाचार्य के पॉपुलर वीडियो चलने लगी हैं हवाएं से उन्हें पहली पहचान मिली। इसी दौरान एकता कपूर के शो कहीं तो होगा में उन्हें कशिश का रोल मिला, जिसने उन्हें रातों-रात स्टार बना दिया। राजीव खंडेलवाल के साथ उनकी केमिस्ट्री और शानदार एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीत लिया। यह शो 2000 के दशक के सबसे सफल धारावाहिकों में शामिल रहा।

टीवी की सफलता के बाद आमना ने फिल्मों की ओर रुख किया। वह आलू चाट, आओ विश करें, और एक विलेन जैसी फिल्मों में नजर आईं। 2013 में उन्होंने प्रोड्यूसर अमित कपूर से शादी की और 2015 में बेटे के जन्म के बाद एक्टिंग से कुछ समय का ब्रेक लिया। 2019 में उन्होंने कसौटी जिंदगी की 2 में कोमोलिका का किरदार निभाकर वापसी की। इसके बाद उन्होंने वेब सीरीज डैमेज्ड 3 और आधा इश्क से ओटीटी पर भी पहचान बनाई।

## *मिराय बॉक्स ऑफिसः पहले दिन की कमाई ने हनु-मैन समेत आमिर, अक्षय और सनी देओल की फिल्म को चटाई धूल*

*सुपरहीरो फिल्म हनु-मैन से बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने के बाद तेलुगु स्टार तेजा सज्जा की नई फैंटेसी एडवेंचर फिल्म मिराय बीती 12 सितंबर को रिलीज हो चुकी है. मिराय अपनी रिलीज का पहला दिन पूरा कर चुकी है. कार्तिक घटामनेनी ने फिल्म मिराय का डायरेक्शन किया है. हनु-मैन की सक्सेस के बाद से दर्शकों के तेजा सज्जा की फिल्म मिराय का बेसब्री से इंतजार था.पहले ही दिन मिराय को थिएटर्स में दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिला और दर्शकों को तेजा सज्जा का सुपरहीरो स्टाइल फिर पसंद आ रहा है? फिल्म मिराय ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कितना कलेक्शन किया है. आइए जानते हैं और साथ जानेंगे क्या मिराय ने हनुमैन के डे 1 कलेक्शन तोड़ दिया है.*

*मिराय ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन भूचाल ला दिया है. फिल्म मिराय ने पहले ही दिन भारत में 12 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. हिंदी में फिल्म ने 1.25 करोड़ रुपये, तेलुगू वर्जन में सबसे ज्यादा 10.6 करोड़ रुपये, जबकि तमिल, मलयालम में क्रमश 0.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. मिराय का थिएटर में पहले दिन तेलुगू वर्जन में 68.59 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज किया गया है. मॉर्निंग शो 50.20 फीसदी, दोपहर के शो में 63.61 फीसदी और इवनिंग में 70.75 फीसदी और नाइट में सबसे ज्यादा 83.81 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज किया गया. हिंदी में कुल ऑक्यूपेंसी रेट 10.86 फीसदी का था, जिसमें मॉर्निंग शो 5.55 फीसदी और नाइट शो में 17.00 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज हुआ था.*

# मंकी इन ए केज फिल्म को नजरअंदाज करना मुश्किल : सबा आजाद

टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) के स्पेशल प्रेजेंटेशंस सेक्शन में फिल्म मंकी इन ए केज को प्रदर्शित किया गया। अनुराग कश्यप की निर्देशित फिल्म में सबा आजाद ने मुख्य भूमिका निभाई। अपने किरदार को लेकर एक्ट्रेस ने

खुलकर बात की। सबा आजाद ने

बताया कि उनके किरदार खुशी को निभाने के लिए उन्हें एक जटिल और नैतिक रूप से पेचीदा दुनिया में कदम रखना पड़ा।उन्होंने कहा, अभिनय का मतलब यह नहीं है कि हमें उन सभी अनुभवों से गुजरना पड़े जो हमारे किरदारों ने किए हैं, बल्कि यह है कि हम उन पात्रों के साथ सहानुभूति कर सकें, चाहे वे कितने भी नैतिक रूप से उलझे हुए हों। मैंने खुशी के किरदार के साथ-साथ सहानुभूति रखने की पूरी कोशिश की।सबा ने आगे कहा कि अनुराग कश्यप की फिल्में दर्शकों के मन में लंबे समय तक रहती हैं।उन्होंने कहा, अनुराग कश्यप की फिल्में दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ती हैं। दर्शक जब थिएटर से बाहर निकलते हैं तो उनके दिमाग में फिल्म की कहानी का असर होता है। यह भी ऐसी ही फिल्म है, जो जरूर



चर्चा पैदा करेगी और अलग-अलग लोगों में विरोधाभासी भावनाएं जगाएगी। लोग इसे पसंद करेंगे, हो सकता है कुछ लोग इसे नापसंद भी करें, लेकिन इसे नजरअंदाज नहीं कर पाएंगे।फिल्म में बॉबी देओल, सान्या मल्होत्रा और सपना पब्बी जैसे कलाकार भी हैं।

मंकी इन ए केज एक संवेदनशील विषय पर बनी फिल्म है, जो एक सुपरस्टार पर लगे रेप के आरोप और इसके आसपास के सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों को दिखाती है।बॉबी देओल के साथ अपनी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री के बारे में सबा ने बताया कि उनकी शुरुआत में सामान्य बातचीत हुई, लेकिन जैसे-जैसे काम करना जारी रखा, उनकी बॉन्डिंग और भी मजबूत हो गई। उन्होंने बॉबी की तारीफ करते हुए कहा, बॉबी एक बड़े दिल वाले कलाकार हैं, वह फिल्म में पूरी ईमानदारी के साथ अपना किरदार निभाते हैं। उनके साथ काम करना एक शानदार अनुभव था।

## कांताराः चैप्टर 1 की शानदार दुनिया को आकार देने के लिए होम्बले फिल्म्स ने देश भर से जोड़े कारीगर, 2 अक्टूबर को होगी रिलीज

होम्बले फिल्म्स की कांतारा: चैप्टर 1 जनता द्वारा सबसे ज़्यादा इंतज़ार की जाने वाली फिल्मों में से एक है. साल 2022 में आई कांतारा बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट बनकर सबसे बड़ी स्लीपर हिट बनकर उभरी, जिसे बाद इस प्रीक्वल से दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं. यह फिल्म कांतारा की दुनिया को बड़े पैमाने पर पेश करने के लिए तैयार है, जिसके लिए कारीगरों और क्रू के मेंबर्स ने अलग-अलग राज्यों से आकर फिल्म की पुरानी दुनिया को फिर से जिंदा करने में अपना ख़ास योगदान दिया है.कांतारा: चैप्टर 1 बिना किसी शक इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है. इसकी कहानी से लेकर इसके कास्ट और इसके पैमाने तक, सब कुछ बहुत बड़ा होने वाला है.

ऐसे में, एक ही सोच के साथ, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, पश्चिम बंगाल और बाकी जगहों से कारीगर और क्रू के मेंबर्स आए. हर कारीगर और क्रू मेंबर ने फिल्म की पुरानी दुनिया को फिर से जिंदा करने के लिए अपनी खासियत का कमाल दिखाया.

बता दें कि यह कदम एक पहाड़ी की चोटी



पर एक बहुत बड़े मंदिर के सेट को आकार देने के लिए उठाया गया था. मेकर्स यह चाहते थे कि यह मंदिर का सेट लंबे समय तक रहे और दशकों तक इसे देखा जाए. अब इसके लिए उन्हें भारत भर के लोगों की ज़रूरत थी, ताकि वे इस कला को बनाने में अपना योगदान दे सकें.

होम्बले फिल्म्स की कांतारा: चैप्टर 1 उनकी सबसे एंबिशियस प्रोजेक्ट्स में से एक है. इसके क्रिएटिव टीम में म्यूजिक डायरेक्टर बी. अजनीश लोकनाथ, सिनेमैटोग्राफर अरविंद कश्यप, और प्रोडक्शन डिजाइनर विनेश बांग्लान शामिल हैं, जिन्होंने फ़िल्म के दमदार विज़ुअल और भावनात्मक कहानी को आकार दिया है.

इसके अलावा, होम्बले फिल्म्स 2022 की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म की विरासत को आगे ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है. मेकर्स ने कांतारा: चैप्टर 1 के लिए नेशनल और इंटरनेशनल स्पेशलिस्ट के साथ एक बड़ा वॉर सीक्वेंस तैयार किया है, जिसमें 500 से ज़्यादा कुशल फाइटर्स और 3,000 लोग शामिल हैं.

## जटाधारा से शिल्पा शिरोडकर का धांसू लुक आउट, तांत्रिक शोभा के रोल में दिखेंगी एक्ट्रेस




फिल्म जटाधारा की रोमांचक यात्रा में, ज़ी स्टूडियोज़ और प्रेरणा अरोड़ा, ने फिल्म से 'शोभा' के रूप में अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर का पहला लुक जारी कर दिया है. यह पोस्टर न सिर्फ दर्शकों को रोमांचित कर रहा है, बल्कि फिल्म की रिलीज़ को लेकर उत्सुकता भी बढ़ा रहा है. गौरतलब है कि शोभा के रूप में शिल्पा शिरोडकर का यह लुक काफी आकर्षित कर रहा है, और इसके साथ तंत्र में परिवर्तित हो चुका है लोभ यह पंक्ति शिल्पा के दमदार और गहराई से भरे किरदार को दिखाती है.फिल्म जटाधारा एक आगामी महाकाव्यात्मक फिल्म है, जो दर्शकों को रोमांचक सफर पर ले जाने का वादा करती है. शानदार कलाकार, अद्भुत विजुअल्स और दिलचस्प कहानी के साथ यह फिल्म साल की सबसे बहुप्रतीक्षित रिलीज में से एक बनने जा रही है.अपने किरदार के बारे में शिल्पा शिरोडकर कहती हैं, मैं बहुत खुश और उत्साहित हूं कि मैं 'जटाधारा' का हिस्सा हूं, यह एक ऐसी फिल्म है जो दर्शकों को अलौकिक और रहस्यमयी सफर पर ले जाएगी, इसमें अविश्वसनीय और शानदार विज़ुअल्स हैं और इसकी कहानी सभी पर गहरा असर छोड़ेगी, प्रेरणा अरोड़ा के साथ काम करना मेरे लिए शानदार अनुभव रहा, एक प्रोड्यूसर के रूप में वे काफी समर्पित और हर छोटे-छोटे डिटेल्स पर ध्यान देती हैं, उनके अंदर कहानी कहने का जो जुनून है, वो साफ दिखाई देता है।

## दे कॉल हिम ओजी से इमरान हाशमी की पहली झलक आई सामने, डियर ओजी को जान से मारने के इंतजार में है ओमी

तेलुगु सुपरस्टार पवन कल्याण की दे कॉल हिम ओजी साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है. यह फिल्म इमरान हाशमी की तेलुगु डेब्यू फिल्म है. ओजी बनाम ओमी की झलक सामने आई है, और इसमें इमरान हाशमी एक खतरनाक भूमिका में नजर आ रहे हैं.इमरान हाशमी ने दे कॉल हिम ओजी से अपनी पहली झलक साझा की. एक मिनट चार सेकंड के इस वीडियो में ओमी की दमदार झल दिखाई गई है. इस वीडियो को साझा करते हुए इमरान ने कैप्शन में लिखा, जल्द मिलते हैं ओजी।

# कपड़े धोते समय न करें ये 5 गलतियां, कपड़ों का होगा नुकसान



कपड़े धोना एक रोजमर्रा का काम लगता है, लेकिन इसमें कई छोटी-छोटी गलतियां हो जाती हैं, जो कपड़ों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। उदाहरण के लिए अगर आप हमेशा गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं या कपड़ों को अधिक धोने की कोशिश करते हैं तो इससे आपके कपड़े जल्दी खराब हो सकते हैं। आइए आज हम आपको उन गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपको कपड़े धोते समय बचना चाहिए ताकि आपके कपड़े लंबे समय तक नए लगे।

### कपड़ों को ज्यादा नहीं निचोड़ें

कपड़ों को निचोड़ना आसान लग सकता है, लेकिन यह एक बड़ी गलती है। जब आप कपड़ों को जोर-जोर से निचोड़ते हैं तो उनके धागे कमजोर हो जाते हैं और वे जल्दी फट सकते हैं या उनका आकार बिगड़ सकता है। बेहतर होगा कि आप कपड़ों को धोने के बाद उन्हें हल्के हाथों से फैलाकर सुखाने के लिए रख दें। इससे वे जल्दी सूखेंगे और उनका आकार भी सही रहेगा।

### गर्म पानी का इस्तेमाल न करें

अधिकतर लोग गंदे कपड़ों को साफ करने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन यह भी एक गलती है। गर्म पानी से कपड़ों की गंदगी तो निकल जाती है, लेकिन इससे कपड़े जल्दी घिस जाते हैं या उनका रंग उड़ सकता है, खासकर ऊनी और रेशमी कपड़ों पर इसका बुरा असर पड़ता है। इसलिए हमेशा ठंडे पानी का इस्तेमाल करें और केवल बहुत गंदे कपड़ों पर ही हल्के गर्म पानी का इस्तेमाल करें।

### डिटर्जेंट का अधिक इस्तेमाल न करें

डिटर्जेंट का अधिक इस्तेमाल करना भी एक आम गलती है। लोग सोचते हैं कि जितना ज्यादा डिटर्जेंट डालेंगे उतना अच्छा धोएंगे, लेकिन ऐसा नहीं होता है। अधिक डिटर्जेंट डालने से कपड़ों पर सफेद दाग पड़ सकते हैं और वे कठोर हो जाते हैं। इससे उनकी कोमलता कम होती है और वे जल्द खराब हो सकते हैं। इसलिए हमेशा सही मात्रा में डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें ताकि आपके कपड़े लंबे समय तक नए जैसे दिखें।

### अलग-अलग रंगों के कपड़े एकसाथ न धोएं

अलग-अलग रंगों के कपड़ों को एक साथ धोना भी गलत है क्योंकि इससे रंग मिल सकते हैं और आपके कपड़े खराब दिख सकते हैं, खासकर नए कपड़ों में यह समस्या अधिक होती है। इसलिए हमेशा सफेद रंग के कपड़ों को अलग धोएं और अन्य रंगों वाले कपड़ों को अलग। इससे आपके सभी कपड़े सही तरीके से धुलेंगे और उनका रंग भी खराब नहीं होगा। इसके अलावा कपड़ों के धागे भी सुरक्षित रहेंगे।

### मशीन की बजाय हाथों से धोएं

अगर आपके पास धोने की मशीन है तो इसका मतलब यह नहीं कि हर बार इसका इस्तेमाल करें। कुछ खास कपड़ों जैसे साड़ी, सूट आदि को हाथों से धोना चाहिए। इससे वे अच्छे से साफ होते हैं और उनकी कोमलता बनी रहती है। इसके अलावा हाथों से धोने पर आप कपड़ों की गंदगी को बेहतर तरीके से देख सकते हैं और उसे हटाने के लिए सही कदम उठा सकते हैं।

# स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है शलजम, जानिए इसके 5 प्रमुख फायदे



शलजम एक ऐसी सब्जी है, जो हर घर में आसानी से मिल जाती है। इसे सलाद में कच्चा भी खाया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसमें मौजूद पोषक तत्व इसे एक सेहतमंद विकल्प बनाते हैं? शलजम में विटामिन-सी, फाइबर, पोटेशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। इसके सेवन से कई सेहत संबंधी फायदे मिल सकते हैं। आइए शलजम के सेवन से मिलने वाले फायदों के बारे में जानते हैं।

### पाचन के लिए है फायदेमंद

शलजम का सेवन पाचन के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन को सही रखने में मदद करता है। फाइबर कब्ज की समस्या को दूर करता है और मल को नरम बनाता है, जिससे इसे बाहर निकालना आसान हो जाता है। इसके अलावा फाइबर आंतों में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देता है, जिससे पाचन बेहतर रहता है। इसलिए अपनी डाइट में शलजम को शामिल करना अच्छा है।

### दिल के लिए है अच्छा

शलजम का सेवन दिल को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स दिल की बीमारियों के खतरे को कम करने में सहायक होते हैं। यह खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा सकता है। इसके अलावा शलजम ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में भी मदद कर सकता है। इसलिए दिल के मरीजों के लिए इसे अपनी डाइट में शामिल करना फायदेमंद हो सकता है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में है सहायक

शलजम में मौजूद विटामिन-सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। यह विटामिन शरीर में सफेद रक्त कोशिकाओं का उत्पादन बढ़ाता है, जो संक्रमण से लड़ने में मदद करती हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं और बीमारियों से लड़ने की ताकत बढ़ाते हैं। इसलिए नियमित रूप से शलजम का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है।

### वजन कम करने में है प्रभावी

अगर आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं तो शलजम का सेवन करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद फाइबर और पानी की मात्रा पेट को भरा हुआ महसूस कराती है, जिससे ज्यादा खाने की इच्छा नहीं होती है। इसके अलावा शलजम में कम कैलोरी होती है, जो वजन कम करने में मददगार होती है। नियमित रूप से शलजम खाने से आपके शरीर को जरूरी पोषक तत्व भी मिलते हैं।

### आंखों के लिए है फायदेमंद

शलजम आंखों के लिए भी लाभकारी हो सकता है। इसमें मौजूद बीटा कैरोटीन विटामिन-ए में परिवर्तित होकर आंखों के लिए फायदेमंद होता है। यह आंखों की रोशनी को बेहतर करने में मदद करता है और रात को देखने में होने वाली समस्या को दूर करता है। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स आंखों की रोशनी को बढ़ाने में मदद करते हैं। इसलिए इसे अपनी डाइट में शामिल करना अच्छा हो सकता है।

## स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल की पारी गई बेकार, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 8 विकेट से दी मात

नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय महिला टीम को ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के खिलाफ पहले वनडे में 8 विकेट से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है. ये भारतीय टीम की महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 की तैयारियों को करारा झटका है. दरअसल, अगले महीने शुरू होने वाली आईसीसी महिला वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट सीरीज के लिए सभी टीमें जोरदार तैयारी कर रही हैं. इसी कड़ी में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम भारत दौरे पर है और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेल रही है।

इन दोनों टीमों के बीच पहला वनडे कल चंडीगढ़ में खेला गया. इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल की जोड़ी ने भारतीय टीम को जबरदस्त शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 114 रनों की साझेदारी की. इसमें अर्धशतक पूरा कर चुकीं मंधाना 58 रन और प्रतिका रावल 64 रन पर अपने विकेट गंवा बैठीं. उनके बाद आईं हरलीन देओल ने अच्छा प्रदर्शन किया और टीम का स्कोर बढ़ाया।

वहीं दूसरी ओर कप्तान हरमनप्रीत कौर (11), जेमिमा रोड्रिग्स (18), ऋचा घोष (25) और अन्य बल्लेबाजों ने अपनी तेज रफ्तार से निराश किया. उनके बाद, अर्धशतक जड़ने वाली हरलीन देओल 4 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 58 रन बनाकर आउट हो गईं. इसके बाद आने वाली बल्लेबाजों में दीप्ति शर्मा ने 20 और राधा यादव ने 19 रन जोड़े. इसके साथ ही भारतीय महिला टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 281 रन बनाए।

# अब लिवरपूल की ओर से खेलेंगे फॉरवर्ड ह्यूगो




लंदन (ए)। फ्रांसीसी फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके अब फुटबॉल क्लब लिवरपूल की ओर से खेलते हुए नजर आयेंगे। प्रीमियर लीग विजेता लीवरपूल ने आइंट्राख्ट फ्रैंकफर्ट के स्ट्राइकर एकिटिके से करार किया है। यह सौदा करीब 79 मिलियन पाउंड में हुआ। लिवरपूल ने इस फैसले की घोषणा सोशल मीडिया पर की और कहा कि उसने फ्रैंकफर्ट के फॉरवर्ड एकिटिके के ट्रांसफर के लिए एक करार किया है। क्लब ने कहा कि एकिटिके मेडिकल टेस्ट में पास हो गये हैं और लिवरपूल के साथ व्यक्तिगत शर्तों पर भी वह तैयार हैं। अब वह इस सप्ताह के अंत में एशिया के प्री-सीजन दौरे पर हांगकांग जा सकेंगे।लिवरपूल के नए मैनेजर आर्ने स्लॉट के अनुसार ये चौथा बड़ा ट्रांसफर है। इससे पहले क्लब ने फ्लोरियन विर्ट्ज को करीब 110 मिलियन पाउंड में खरीदा था। उनके अलावा डिफेंडर मिलोस केरकेज और जरेमी फ्रिमपोंग से भी करार किया। फ्रांसीसी फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके, किसी भी पोजीशन पर खेल सकते हैं। उन्होंने पिछले सीजन में 48 मैचों में 22 गोल किए और एक दर्जन से अधिक गोलों में सहायोग दिया। लिवरपूल ने इस ट्रांसफर विंडो में अब तक 250 मिलियन पाउंड से ज्यादा खर्च कर दिए हैं।वहीं डार्विन नुनेज के भी क्लब छोड़ने की संभावना है। इसके अलावा फेडेरिको कियेसा को टीम के एशिया टूर के प्री-सीजन स्क्वाड में शामिल नहीं किया गया, जिससे यह संकेत मिलता है कि वह भी क्लब से बाहर जा सकते हैं। कुछ दिन पहले लिवरपूल ने यह ऐलान किया कि उन्होंने कई मजबूत दावेदारों को पीछे छोड़ते हुए एकिटिके के ट्रांसफर पर समझौता कर लिया है। सोमवार को क्लब की ओर से जारी बयान में कहा गया, रेड्स और जर्मन टीम ने एक ट्रांसफर डील की, जिसकी कीमत 6.9 करोड़ पाउंड और 1 करोड़ पाउंड अतिरिक्त होने की बात कही जा रही है। 23 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी एकिटिके मेडिकल जांच कराने और मैनेजर आर्ने स्लॉट की टीम के साथ लंबे समय के कॉन्ट्रैक्ट को अंतिम रूप देने के लिए मर्सीसाइड पहुंच गए।

## पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने के पीछे थे गंभीर : रिपोर्ट

मुंबई (ए)। एशिया कप में भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। इससे एक प्रकार से भारतीय खिलाड़ियों ने पहगाम हमले को लेकर विरोध जताया है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार पाक टीम से हाथ नहीं मिलाने का फैसला पूरी टीम ने एकसाथ किया था और इसके पीछे मुख्य कोच गौतम गंभीर थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर ने मैच में पाक पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इंकार करने की योजना बनाई थी। इसके साथ ही, गंभीर ने खिलाड़ियों को प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों के साथ किसी भी तरह की बहसबाजी नहीं करने कहा था।

रिपोर्ट के अनुसार मुख्य कोच ने खिलाड़ियों को सोशल मीडिया से दूर रहने और मीडिया में मैच के बारे में चल रही सभी चर्चाओं को नजरअंदाज करने को भी कहा था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही सोशल मीडिया पर इस मैच का बहिष्कार करने की मांग चल रही थी।ये भी कहा जा रहा है कि बोर्ड और सरकार की ओर से अनुमति दिए गए मैच में उनकी भागीदारी को लेकर लगातार उठ रहे सवालों से खिलाड़ी बेचैन थे, इसलिए मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच से पहले ही अपनी टीम को ड्रेसिंग रूम में उत्साहित करने के लिए बुलाया था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गंभीर ने टीम को मैच के दौरान और बाद में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नजरअंदाज करने के लिए कहा था।



रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर ने टीम से कहा था, सोशल मीडिया पर कम समय बिताएं, शोर-शराबा पढ़ना बंद करें। आपका काम भारत के लिए खेलना है। पहलगाम में जो हुआ, उसे मत भूलना। हाथ मत मिलाओ, उलझो मत। बस मैदान पर जाओ, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करो और भारत के लिए जीतो। खिलाड़ियों ने गंभीर के सुझाव का पालन किया और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस से पहले और बाद में किस्तानी टीम के कप्तान सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाया।

## भारत से हार और 'तिरस्कार' से बौखलाया PCB, ÒNO HAND-SHAKE' विवाद में अपने ही डायरेक्टर को किया सस्पेंड



लाहौर,(आरएनएस)। एशिया कप 2025 में भारत के हाथों मिली सात विकेट की करारी हार और मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों द्वारा हाथ न मिलाने की घटना ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) में भूचाल ला दिया है। इस 'दोहरी बेइज्जती' से बौखलाए PCB चेयरमैन मोहसिन नकवी ने एक बड़ा और अप्रत्याशित कदम उठाते हुए इंटरनेशनल क्रिकेट के डायरेक्टर उस्मान वहला को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।उस्मान वहला पिछले दो सालों से इस महत्वपूर्ण पद पर थे और पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) के भी चेयरमैन हैं। उन पर आरोप है कि वह मैच के बाद हुए 'नो हैंडशेक' विवाद को संभालने में पूरी तरह नाकाम रहे। PCB की आंतरिक समीक्षा में पाया गया कि वहला को इस संवेदनशील मुद्दे का अंदेशा पहले ही लगा लेना चाहिए था और मैच शुरू होने से पहले ही इसे सुलझाना चाहिए था, ताकि मैदान पर पाकिस्तानी टीम को खेल भावना के मामले में बेइज्जती का सामना न करना पड़े।PCB ने मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। बोर्ड का दावा है कि पायक्रॉफ्ट ने टॉस के समय ही दोनों कप्तानों को सूचित कर दिया था कि मैच के बाद हाथ नहीं मिलाया जाएगा, जो आईसीसी की आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। इस घटना के विरोध में पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में हिस्सा नहीं लिया था, जबकि कोच माइक हेसन ने भारतीय टीम के रवैये पर गहरी नाराजगी जताई थी। PCB ने आईसीसी से पायक्रॉफ्ट को तुरंत एशिया कप 2025 से हटाने की मांग की है।

एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) के प्रमुख होने के नाते मोहसिन नकवी ने इस पूरे मामले में आईसीसी से तत्काल कार्रवाई की अपील की है, जिससे यह विवाद और गहराता दिख रहा है।

## आत्महत्या का विचार क्रिकेट के कारण छोड़ा : शमी

नई दिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने माना है कि जिंदगी के खराब दौर में उनके अंदर खुदकुशी तक का ख्याल आया था पर बाद में उन्हें लगा कि क्रिकेट ने उन्हें इतना कुछ दिया है। इसलिए उन्होंने वो विचार छोड़ दिया। इस तेज गेंदबाज ने कहा, सोचा जरूर पर हुआ नहीं, ये शुक्र है वरना विश्व कप नहीं खेल पाता। जब जिंदगी समाप्त करने का विचार आया तभी ये भी लगा कि जिस चीज ने मुझे इतना नाम और पैसा दिया है, जिस चीज के लिए मीडिया मेरे पीछे है, उसको छोड़ अंत करना ठीक नहीं है। मुझे प्रशंसकों का प्यार याद आया। सोचा चलो इसको छोड़ा, चलो गेम में लगते हैं फिर सेशमी पर उनकी पूर्व पत्नी हसीन जहां ने घरेलू हिंसा के आरोप लगाये थे। इसके बाद से ही वह परेशान थे। घरेलू हिंसा के आरोप के बाद सोशल मीडिया पर उनके बारे में कही गई अपमानजनक बातों के बारे में पूछे जाने पर शमी ने जवाब दिया, बुरी बातें कही जाती हैं, लेकिन आजकल उन बातों के बारे में भी बात की जाती है जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। मुझे सबसे ज़्यादा इसी से डर लगता है। हसीन जहां ने 2018 में शमी पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था। उन्होंने अदालत में एक याचिका दायर कर शमी और उनके परिवार पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था।



## पाक के खिलाफ पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने पांड्या

दुबई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने यहां एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम किया है। हार्दिक ने मुकाबले की पहली ही गेंद पर पाक बल्लेबाज को आउट कर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की।

हार्दिक ने सैम अयूब को आउट कर इतिहास रच दिया क्योंकि यह पहली बार था जब किसी भारतीय गेंदबाज ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 मैच की पहली गेंद पर विकेट लिया। पांड्या अब टी20 में पाक के खिलाफ मैच की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने हैं।



इससे पहले श्रीलंका के नुवान कुलशेखरा ने साल 2009 में श्रीलंका के लिए यह रिकार्ड बनायास था। इसके अलावा जॉर्ज लिंडे ने साल 2021 में दक्षिण अफ्रीका की ओर से पहली ही गेंद पर विकेट लिया था। पाकिस्तान के खिलाफ 91 रन और 13 विकेट के साथ हार्दिक पांड्या पहले ही टी20 में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं।

# विदेश समाचार

## टेक्सास में भारतीय व्यक्ति की हत्या पर भड़के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, कह दी ये बड़ी बात

वाशिंगटन ,(आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेक्सास में एक भारतीय नागरिक की हत्या मामले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोपी के खिलाफ 'न्याय की पूरी सीमा तक' मुकदमा चलाने का वादा किया। हत्यारे पर 'प्रथम श्रेणी की हत्या का आरोप' लगाया जाएगा।



अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, मुझे टेक्सास के डलास में प्रतिष्ठित व्यक्ति चंद्र नागमल्लैया की हत्या से जुड़ी भयावह खबरों की जानकारी है। उनकी पत्नी और बेटे के सामने, क्यूबा से आए एक अवैध विदेशी ने, जिसे हमारे देश में कभी होना ही नहीं चाहिए था, बेरहमी से उनका सिर काट दिया। उन्होंने हत्या के आरोपियों को छोड़ने के लिए पहले के बाइडेन प्रशासन को भी दोषी ठहराया। ट्रंप ने कहा, इस व्यक्ति को पहले भी बाल यौन शोषण, कार चोरी जैसे अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अक्षम जो बाइडेन के कार्यकाल में उसे हमारी मातृभूमि में वापस छोड़ दिया गया क्योंकि क्यूबा ऐसे दुष्ट व्यक्ति को अपने देश में नहीं चाहता था। निश्चिंत रहें, मेरे शासन में इन अवैध अप्रवासी अपराधियों के प्रति नरमी बरतने का समय अब खत्म हो गया है।10 सितंबर को 41 वर्षीय नागमल्लैया पर टेक्सास के डलास के एक मोटल में जानलेवा हमला किया गया और उनका सिर काट दिया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने 37 वर्षीय मार्टिनेज को गिरफ्तार किया। उस पर नागमल्लैया का सिर काटने और उसे कूड़ेदान में छोड़ने के गंभीर आरोप हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए एक विचलित करने वाले वीडियो में मार्टिनेज को एक कुल्हाड़ी लेकर पीड़ित का पीछा और हमला करते दिखाया गया। वीडियो से पता चला कि आरोपी ने नागमल्लैया का सिर धड़ से अलग कर दिया। फिर पीड़ित के सिर को मोटल की पार्किंग में लात मारी और कूड़ेदान में फेंक दिया।

## रूस के हाइपरसोनिक मिसाइल टेस्ट से कांपी दुनिया, समुद्र में 350 किमी दूर टारगेट किया ध्वस्त

रुस (आरएनएस)। रक्षा अभ्यासों के दौरान रूस ने अपनी हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल ज़िरकोन (xMww Tsirkon) का एक और सफल परीक्षण किया। इसके साथ ही रूस ने एक बार फिर अपनी सैन्य ताकत का दुनिया को अहसास कराया।हाइपरसोनिक जिरकोन मिसाइल की गति ध्वनि से 9 गुना अधिक है, जिसे रोकना लगभग असंभव माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि यह मिसाइल किसी भी देश का नक्शा बदलने की क्षमता रखती है। रूस ने रविवार को बताया कि उसने बेरेंट्स सागर में एक लक्ष्य पर जिरकोन (त्सिरकोन) हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल दागी, और सुखोई एसयू-34 सुपरसोनिक लड़ाकू-बमवर्षकों ने बेलारूस के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास के हिस्से के रूप में हमले किए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने उत्तरी बेड़े के एडमिरल गोलोव्को फ्रिगेट द्वारा बेरेंट्स सागर में एक लक्ष्य पर जिरकोन हाइपरसोनिक मिसाइल दागे जाने का फुटेज जारी किया। फुटेज में दिखाया गया कि फ्रिगेट से मिसाइल को लंबवत प्रक्षेपित किया गया और फिर यह एक कोण पर क्षितिज की ओर बढ़ी।

मंत्रालय ने बताया कि वास्तविक समय में प्राप्त निगरानी डेटा के अनुसार, लक्ष्य को सीधे प्रहार से नष्ट कर दिया गया। मंत्रालय ने यह भी बताया कि उत्तरी बेड़े के मिश्रित विमानन कोर के लंबी दूरी के पनडुब्बी रोधी विमान इस अभ्यास में शामिल थे।

## PM कार्की की कैबिनेट का पहला फैसलाः GEN-Z आंदोलन में मारे गए युवाओं की याद में झुकेगा नेपाल का झंडा, 17 सितंबर को राष्ट्रीय शोक



काठमांडू (आरएनएस)। नेपाल की नई अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली कैबिनेट ने सत्ता में आने के बाद अपना पहला बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट ने हाल ही में हुए 'जेन-जी प्रदर्शन' के दौरान मारे गए युवाओं को श्रद्धांजलि देने के लिए 17 सितंबर को राष्ट्रीय शोक मनाने की घोषणा की है। सोमवार को लिए गए इस निर्णय के तहत, 17 सितंबर को पूरे नेपाल में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। इसके साथ ही, विदेशों में स्थित सभी नेपाली दूतावासों और राजनयिक मिशनों पर भी झंडे को आधा झुकाकर दिवंगत युवाओं को श्रद्धांजलि दी जाएगी। यह फैसला उस 'जेन-जी' आंदोलन को सम्मान देने के एक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिसकी वजह से देश में राजनीतिक बदलाव हुए और सुशीला कार्की की सरकार का गठन हुआ।कैबिनेट ने इसके अतिरिक्त पूर्व ओली सरकार के कैबिनेट द्वारा लिए गए सभी निर्णयों और प्रस्तावों को रद्द करने का भी निर्णय लिया है। इसके पीछे उद्देश्य नए प्रशासन की नीतिगत स्पष्टता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन व्यवस्था स्थापित करना है।

छवि सुधारने की कोशिश

## पाकिस्तान में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई, 45 आतंकी ढेर; 19 सैनिक भी मारे गए

इस्लामाबाद ,(आरएनएस)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवाद से जुड़ी बड़ी कार्रवाई सामने आई है। पाकिस्तानी सेना के अनुसार 10 से 13 सितंबर के बीच तीन अलग-अलग इलाकों में हुई झड़पों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के कम से कम 45 आतंकी मारे गए, जबकि 19 सैनिक भी शहीद हो गए। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद का पूरी ताकत से मुकाबला करता रहेगा। उन्होंने सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर के साथ बन्नू का दौरा किया और आतंकवाद पर लगाम लगाने को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक में हिस्सा लिया।


अंतरराष्ट्रीय दबाव में पाकिस्तान

विशेषज्ञों का मानना है कि यह कार्रवाई पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि सुधारने के लिए भी की गई है। लंबे समय से पाकिस्तान पर आतंकियों को पनाह देने के आरोप लगते रहे हैं। भारत कई बार यह मुद्दा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता आया है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने स्पष्ट किया था कि आतंकवाद पर उसकी नीति जीरो टॉलरेंस की है। इसके बाद से पाकिस्तान पर वैश्विक स्तर पर दबाव और बढ़ा है। ऐसे में विश्लेषकों का मानना है कि पाकिस्तान आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई कर यह दिखाना चाहता है कि वह आतंकवाद के खिलाफ सख्त है।

## गाजा में बरस रही 'आग' : जमीनी हमले की दहशत में रातों-रात 20,000 फिलिस्तीनियों का पलायन, 28 की मौत

दोहा ,(आरएनएस)। एक ओर जहां कतर की राजधानी दोहा में 50 मुस्लिम देशों के नेता इजरायल के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए बैठक कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गाजा पट्टी में इजरायली हमलों से कोहराम मचा हुआ है। इजरायल की जमीनी हमले की चेतावनी के बीच बीती रात करीब 20,000 खौफजदा फिलिस्तीनियों ने अपने बिस्तर और जरूरी सामान बांधकर गाजा से महा-पलायन कर लिया है। आज सुबह से जारी हमलों में अब तक 28 लोगों के मारे जाने की खबर है।



इजरायल ने गाजा बॉर्डर पर अपने सैनिकों की संख्या बढ़ा दी है और किसी भी वक्त जमीनी हमले का अंदेशा जताया है। हमलों के खौफ का आलम यह है कि लोग पैदल, गाड़ियों और जिस भी साधन से संभव हो, बस सुरक्षित निकल जाने की होड़ में हैं। संकट इसलिए भी गहरा गया है क्योंकि निकट भविष्य में हमास और इजरायल के बीच किसी भी तरह के संघर्ष विराम की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है।दोहा में चल रही बैठक में मुस्लिम देश इजरायल के खिलाफ एक प्रस्ताव लाने पर मंथन कर रहे हैं और दुनिया को अपनी एकता का संदेश देने की कोशिश में हैं। लेकिन इसका इजरायल पर कोई असर होता नहीं दिख रहा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कहा है कि वह गाजा में सक्रिय एक-एक आतंकवादी को खत्म कर देंगे।

## परमाणु हथियारों वाला देश हमेशा रहेगा, कभी नहीं बदलेगा उत्तर कोरिया का स्टेटस : किम जोंग

प्योंगयांग,(ए)। उत्तर कोरिया ने साफ कर दिया कि वो अपने वर्तमान दर्जे को बदलने की किसी भी कोशिश का डटकर विरोध करेगा। साथ ही, एक जिम्मेदार परमाणु हथियारों वाला देश होने के नाते अपनी स्थिति बनाए रखेगा। यह बयान ऐसे समय आया है, जब पिछले हफ्ते नॉर्थ कोरिया के नेता किम जोंग उन ने वेपन रिसर्च फैलिसिटी का दौरा किया था। वहां उन्होंने कहा था कि प्योंगयांग परमाणु और पारंपरिक हथियारों को एक साथ बढ़ाने की नीति पर काम करेगा। साल 2019 में अमेरिका के साथ परमाणु निरस्त्रीकरण पर शिखर बैठक असफल रही थी। इसके बाद से, उत्तर कोरिया बार-बार कह चुका है कि वो अपने परमाणु हथियार कभी नहीं छोड़ेगा।

उत्तर कोरिया ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर बड़ा बयान दिया है। इसने कहा कि उसका परमाणु हथियारों वाला देश होने का दर्जा अब हमेशा के लिए है और इसे बदला



नहीं जा सकता। सरकारी मीडिया ने बताया कि नॉर्थ कोरिया ने अमेरिका की उस मांग की कड़ी निंदा की, जिसमें उससे परमाणु निरस्त्रीकरण की बात कही गई थी। कोरियाई यूएन मिशन की ओर से कहा गया, हाल ही में इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी के (आईएईए) बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक हुई। इस दौरान यूएस ने एक बार फिर हमारी परमाणु हथियारों की मौजूदगी को गैरकानूनी बताया। उसने परमाणु निरस्त्रीकरण की बात छेड़कर गंभीर राजनीतिक उकसावे का काम किया। नॉर्थ कोरिया ने कहा कि उसका परमाणु हथियारों वाला देश होने का दर्जा स्थायी रूप से हमारे कानून में दर्ज हो चुका है। इसे कोई बदल नहीं सकता। यह भी कहा गया कि पिछले 30 साल से उसका आईएईए के साथ कोई आधिकारिक रिश्ता नहीं है। बयान के मुताबिक, आईएईए के पास न तो कानूनी और न ही नैतिक आधार है कि वो ऐसे परमाणु हथियारों वाले देश के आंतरिक मामलों में दखल दे, जो न्यूक्लियर नॉन-प्रोलिफरेशन ट्रीटी का हिस्सा नहीं है। मालूम हो कि 1994 में उत्तर कोरिया ने परमाणु निरीक्षण को लेकर विवाद के बाद आईएईए से नाता तोड़ लिया था।

उसे लगता था कि अमेरिका इस एजेंसी का इस्तेमाल उसकी संप्रभुता पर हमला करने के लिए कर रहा है।

## आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल

# सीहोर में भूकंप का कहर : कलेक्टर कार्यालय की इमारत का कुछ हिस्सा धराशायी, एनडीआरएफ ने बचाई कई जानें



सीहोर (निप्र)। सीहोर में आज सुबह आए भीषण भूकंप ने सीहोर में भारी तबाही मचा दी। भूकंप के तेज झटकों से जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर कार्यालय की इमारत का कुछ हिस्सा धराशायी हो गया। अचानक हुई इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इमारत का कुछ हिस्सा धराशायी होने से कई लोग उसके मलबे के नीचे दब गए, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। इसकी सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। जवानों ने तेजी से मलबा हटाकर कई लोगों की जान बचाई और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुँचाया। जिला अस्पताल में आपातकालीन सेवाएं शुरू कर दी गई हैं और घायलों का उपचार जारी है। हालात को देखते हुए कलेक्टर ने बचाव और राहत कार्यों को और तेज करने के निर्देश दिए हैं। इस पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व एनडीआरएफ-11 के कमांडर ने किया। मौके पर जिला कलेक्टर स्वयं मौजूद रहे और लगातार राहत कार्यों की निगरानी की। उनके निर्देशन में प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी सक्रिय रहीं। यह पूरा दृश्य भूकंप के दौरान एनडीआरएफ-11 टीम का राहत एवं बचाव कार्य की मॉक ड्रिल का था। मॉक ड्रिल के पश्चात् कलेक्टर बालागुरू के. ने उपस्थित शासकीय पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के छात्रों से कहा कि वे आपदा में सावधानी, सतर्कता और जानकारी से अपनी और दूसरों की जान बचा सकते हैं।

## *विद्यार्थियों के सपनों को रफ्तार दे रही है निशुल्क स्कूटी वितरण योजना*

*सीहोर( निप्र)। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा संसाधनों की कमी के कारण शिक्षा के क्षेत्र में पीछे न रहे और अपने सपनों को साकार कर सकें। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही निशुल्क स्कूटी वितरण योजना भी इन्हीं योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत शासकीय विद्यालयों में कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एक छात्र और एक छात्रा को सरकार की ओर से नि:शुल्क स्कूटी प्रदान की जाती है। यह केवल एक पुरस्कार ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।*

# श्रद्धालुओं छात्र छात्राओं गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ग्रामीणों ने मिलकर लगाए सेमरा दांगी में 1100 सौ पौधे



सीहोर( निप्र)। प्राचीन सावल माता मंदिर सेमरा दागी में 11000 पौधा तरुपुत्र तरुमित्र रोपण महायुज्ञ गरिमापूर्ण रूप से आयोजित हुआ। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं छात्र छात्राओ और गायत्री परिवार के कार्यकर्ता तथा ग्रामीण बंधुओ ने श्रद्धापूर्वक हिस्सा लिया। शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि सुनील वर्मा ने प्रेरण मार्गदर्शन अध्यात्म एवं पंडित मेवालाल पाटीदार गायत्री धाम सेंधवा के सानिध्य में तरुयज्ञ विधि विधान से हुआ।

जोनल समन्वयक मध्य प्रदेश राजेश पटेल ने जन्म शताब्दी योजना तथा गुरुसत्ता की स्मृति उपवन वाटिका युवा प्रांतीय संयोजक अमर धाकड़,सूरज परमार,विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाडा,महामंडलेश्वर स्वामी रामगिरिराज भागवत प्रवक्ता संत गोविंद जाने,पंडित मोहित पाठक,राजेंद्र प्रसाद मोदी आदि उपस्थित हुए।आयोजन मंडल के अनिल ठाकुर एवं परिवारजनों सहित बहनों ने तिलक लगाकर अतिथियों को गायत्री मंत्र, चादर और एक एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों शिक्षकों को एक-एक पौधा प्रदान किया। मंचित कार्यक्रम उपरोक्त शांतिकुंज प्रतिनिधियों द्वारा प्राचीन सावन माता बडली वाली माता मंदिर रायपुरा पहुंचकर राधेश्याम दांगी डॉ रघुवीर दांगी, अरविंद दांगी, राजेश दांगी, युवा संयोजक मनोहर दांगी एवं समस्त ग्राम सेमरा दांगी तथा सरपंच रायपुरा पुजारी प्राचीन माता मंदिर ने पौधा रोपण किया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के महेश ठाकुर, महेश विजयवर्गीय, यशपाल कुशवाहा, रामनारायण लेवे, चंरपालाल चंद्रवंशी, नरेश चंद्रवंशी, प्रहलाद वर्मा, बने सिंह दांगी, हरि नारायण पाटीदार, रमाकांत शर्मा, सुरेश त्यागी, माया त्यागी, आरके सिंह, हरिओम, नंदुभैया, डॉ विमल तेजराज, भागवत मल्होत्रा,रमिला परमार, शशि वर्मा, ललिता राय, पुष्पा शर्मा, कुसुम भावसार,राम मंदिर पुजारी सचिन बैरागी,कुसुम नागले,प्रति,सौरभ, राधिका आदि गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकताओं ने उत्साह पूवज्क अपना योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में प्रेमलाल कुशवाहा द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया संचालन विष्णु शर्मा हजारी के द्वारा किया गया।

# "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान के संबंध में सीएमएचओ ने बैठक आयोजित कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर को प्रदेश में "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। यह अभियान 02 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस अवसर पर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सीएम डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बैठक आयोजित कर जिले के सभी संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को अभियान के संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के तहत जिले में अभियान की थीम पर आधारित कैंपो का आयोजन किया जाए। निर्धारित तिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएं। प्रत्येक विकासखण्ड में 02 रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएं एवं प्रतिदिन स्क्रीनिंग की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत संचालित होने वाली गतिविधियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बदार्शत नहीं की जाएगी।

## मृतक लाइनमैन विजय वर्मा के परिजनों से मिलने पहुंचे विधायक, परिजनों को प्रदान किया 05 लाख रुपये की सहायता राशि का स्वीकृति पत्र



सीहोर( निप्र)। विधायक सुदेश राय ने ग्राम खंडवा पहुंचकर बिजली मेंटेनेंस के दौरान हादसे का शिकार हुए विघुत वितरण कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी मृतक लाईनमेन विजय वर्मा के परिजनों से भेंट की और शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने मृतक के परिजनों के लिए स्वीकृत की गई 05 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि का स्वीकृति पत्र परिजनों को प्रदान किया। उन्होंने कहा कि मृतक के भाई को बिजली कंपनी द्वारा नौकरी में आउटसोर्स पर रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि विधायक श्री राय ने इस दुर्घटना की जानकारी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और ऊर्जा मंत्री प्रदुम सिंह तोमर को दी थी, इसके पश्चात हादसे का शिकार हुए विघुत वितरण कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी मृतक लाईनमेन विजय वर्मा के परिजनों के लिए यह राशि स्वीकृत की गई है। विधायक श्री राय ने मृतक लाइनमेन विजय वर्मा को श्रद्धांजलि दी और परिजनों को सबल प्रदान किया।

# भैरुंदा में किसानों की समस्याओं को लेकर स्वराज संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



भैरूंदा (सीहोर)(संजय कलमोर )। किसानों की बढ़ती समस्याओं को लेकर किसान स्वराज संगठन ने अनुविभागीय अधिकारी भैरूंदा को मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने प्रमुख समस्याओं को उठाते हुए कहा कि भैरूंदा क्षेत्र में कीट प्रकोप से सोयाबीन की फसल नष्ट हो चुकी है। पूर्व में इसकी सूचना कृषि विभाग व तहसील प्रशासन को दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक सर्वे नहीं हुआ है। किसानों ने मांग की कि तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को मुआवजा एवं फसल बीमा राशि दी जाए।

संगठन ने यह भी कहा कि विगत चार महीनों से किसानों को डीएपी व यूरिया खाद की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है। समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से किसान परेशान हैं। सरकार से मांग की गई कि पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था कर अग्रिम उठाव की अनुमति दी जाए।इसी तरह मक्का और सोयाबीन की फसल का एमएसपी पर शासकीय पंजीयन व खरीदी की घोषणा शीघ्र की जाए। विद्युत विभाग पर आरोप लगाया गया कि किसानों के कनेक्शन पर झूठे केस बनाए जा रहे हैं, जिसे तत्काल बंद कराया जाए। ज्ञापन में भैरूंदा तहसील के कई गाँवों में लटकते बिजली तार और जर्जर खंबों को बदलने, कोलार नदी पर झोलियापुर बेराज को बड़ा डेम बनाने, कृषि उपज मंडी भैरूंदा का शीघ्र निर्माण कराने, सीहोर जिले में नदी-नालों पर स्टॉप डेम बनाने तथा मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला को तत्काल चालू करने की माँग भी की गई।

## भैरुंदा पुलिस ने तीन माह से लापता नाबालिक बालिका को आरोपी के कब्जे से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया

भेरूंदा, नसरुल्लागंज (संजय कलमोर)। एक व्यक्ति द्वारा थाना भैरुंदा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को एक अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। इस सूचना पर थाना भैरुंदा में अपराध क्रमांक 371/25, धारा 137(2) BNS के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता रावत एवं एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा सतत प्रयास, तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर सूचना के आधार पर अपहृता को गुजरात राज्य से दस्तयाब किया गया। आरोपी योगेश गाठे, पिता खेमराज गाठे, उम्र 28 वर्ष, निवासी डोडावानी, थाना आम्बा, जिला बैतूल के कब्जे से नाबालिग को सुरक्षित बरामद किया गया। बालिका को आवश्यक कार्यवाही उपरांत उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

# कृषि विभाग के अधिकारियों ने किया कृषि वैज्ञानिकों के साथ प्रक्षेत्र भ्रमण



सीहोर (निप्र)। सीहोर जिला कलेक्टर के निर्देशों पर उपसंचालक कृषि अशोक कुमार उपाध्याय ने विकासखण्ड सीहोर में समसामयिक विषयों पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि वैज्ञानिकों के साथ संयुक्त भ्रमण कर किसानों को वर्तमान में क्षेत्र में आ रही समस्याओं के लिये किसानों से सम्पर्क कर उनका त्वरित निराकरण करें एवं आगामी रबी सीजन के लिये किसानों को उचित सलाह दे।इसी परिपेक्ष्य में कृषि विभाग सीहोर के द्वारा क्षेत्र में लगातार प्रक्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम इमलीखेडा, उलझावन में कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुशवाह एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कमल सिंह ठाकुर के साथ कृषि विस्तार अधिकारी लाडसिंह बकोदिया द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र के विभिन्न किसानों से उनके खेतों पर पहुंच कर समसामायिक सलाह दीं।

डॉ. दीपक कुशवाह द्वारा बताया गया कि सोयाबीन की फसल पर इस बार भी स्टेम फ्लाई का प्रकोप अत्याधिक मात्रा में देखा गया है। इस समय तो समय निकल गया लेकिन आगामी समय में बिटा साईफ्लुथिन 8.49 प्रतिशत+ इमिडाक्लोप्रिड 19.81 प्रतिशत 140 मिली./ एकड या थायमेथोक्साम 12.6 प्रतिशत+ लेग्डासाईहेलोथीन 9.5 जेडसी 80 मिली./ एकड़ का उपयोग कर सकते है। जैविक कीट नियत्रंण हेतु नीम तेल 5000 पीपीएम 250 मिली./ एकड़ उपयोग करें। आगामी रबी सीजन हेतु नवीन किस्मों का चयन करे एवं बीज उपचार के लिये एजेक्सीस्ट्रोबिन 2.5 प्रतिशत+ थियोफेनेट मिथाइल 11.25 प्रतिशत+ थायमेथोक्साम एफएल 2 मिली./ किलो या जैविक में ट्राईकोडर्मा विरीडी, बवेरिया बेसीयाना 2 मिली./ किलो एन.पी.के. कनसोर्टिया 2 ग्राम/किलो के मान से उपयोग करें। साथ ही संयुक्त दल ने किसानों को उर्वरकों के समन्वित व संतुलित उपयोग की सलाह दी एवं में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कमल सिंह ठाकुर ने विभागीय योजनाओं की जानकारी उपस्थित किसानों को विस्तार से दी।

## लाईमेन के परिजनों को विधायक सुदेश राय ने प्रदान किया

सीहोर। ग्राम खंडवा पहुंचकर सोमवार को विधायक सुदेश राय के द्वारा हादसे का शिकार हुए विघुत वितरण कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी मृतक लाईनमेन विजय वर्मा के परिजनों के लिए स्वीकृत की गई 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और छोटे भाई को नौकरी सहित मृतक की पत्नी के लिए स्वीकृत की गई पेंशन राशि के स्वीकृत पत्र शोकाकुल परिजनों को प्रदान किया गया। उक्त राशि विधायक सुदेश राय की उनकी विशेष अनुशंसा के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और ऊर्जा मंत्री प्रदुम सिंह तोमर के द्वारा ग्राम खंडवा में हादसे का शिकार हुए विघुत वितरण कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी मृतक लाईनमेन विजय वर्मा के परिजनों के लिए स्वीकृत की गई है। ग्राम खंडबा में मृतक के घर स्वीकृति पत्र प्रदान करते समय विधायक सुदेश राय के साथ एसडीएम तन्मय वर्मा, तहसीलदार भारत नायक विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी और ग्राम पंचायत सरपंच ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# महंगी बिजली और किसानों की मांगो को लेकर कांग्रेस की आमजन किसान न्याय पदयात्रा गुरुवार को

सीहोर (निप्र)। सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि केंद्र और मध्य प्रदेश की गूँगी बहरी भाजपा सरकार की जनविरोधी नितियों के कारण आम नागरिक, किसान, मजदूर, बिजली उपभोक्ता, महिलाएँ और युवा परेशान है ब्लॉक कांग्रेस कमेटी श्यामपुर के अध्यक्ष रामनारायण शर्मा ने बताया कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेत्रत्व में स्मार्ट मीटर के कारण हो रही अनिमित्ता, बड़े हुए बिजली के दाम, किसानों को आए दिन थमाये जा रहे झूठे बिजली प्रकरण के नोटिसो के विरोध मे, 28 करोड़ की लागत से बनी श्यामपुर रोड पुरी तरह टुट गई, गड्ढो के कारण रोज वहां चालक दुर्घटना का शिकार होते हैं! ठेकेदार और विभाग पर कार्यवाही की मांग को लेकर और पुना श्यामपुर रोड बनाएं जाने की माँग को लेकर, पिछले दिनो किसानो को फसल बीमा राशि का वितरण किया गया कहीं बीमा प्रीमियम से भी कम राशि किसानो को मिली तो कही बिल्कुल भी राशि किसानों को नहीं मिली। सम्मानजनक पर्याप्त बीमा राशि की मांग को लेकर, दिनांक 01/09/25 काला दिवस को जिला कांग्रेस कार्यालय पर पुलिस की मोजुदगी मैं हुई घटना मे एक तरफ़ा कार्यवाही के विरोध में और भाजपा के नेताओ और दोषी कार्यकर्ताओ पर एफआईआर दर्ज किये जाने की मांग को लेकर,ग्राम पंचायतो में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाए जेन और कार्यवाई की मांग को लेकर,किसानो को सोयाबीन के दाम 6000 रुपये क्विंटल समर्थन मूल्य की मांग को लेकर,मतदाता सूची शुद्धीकरण, निष्पक्ष चुनाव आयोग की मांग को लेकर मांग को लेकर आमजन किसान न्याय पदयात्रा दिनांक 18/09/25 गुरुवार सुबह 10:00 बजे स्थान चांदबड से श्यामपुर पहुंचेगी जहां श्यामपुर तहसील कार्यालय में मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा जायेगा।

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज) जिला सीहोर (म.प्र.)

E-mail-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/5034/खनिज/2025, सीहोर, दिनॉक- 11/09/2025

**मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,**

### प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि **आवेदक चेतन परमार आ. किशोरी लाल परमार ग्राम शाहरपुकोडिया तह. व जिला सीहोर** के द्वारा उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन क्रमांक 37596 आवेदन दिनांक **29.06.2025** को प्रस्तुत किये गये है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथी से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | सीहोर | सेवनिया | 111/2 (एस) | 4.000 हे. | शासकीय भूमि | यांत्रिकी क्रिया से गिट्टी निर्माण एवं एम सेण्ड हेतु पत्थर | सम्पूर्ण क्षेत्र में से 4.000 हेक्टयर क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत किया गया। |
| | | | कुल रकबा | 4.000 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/18667/25

उप संचालक
( खनिज प्रशासन )
जिला-सीहोर ( म.प्र. )

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज) जिला सीहोर (म.प्र.)

email-modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक-5112/खनिज/उ.प./2025, सीहोर, दिनॉक- 11/09/2025

### प्रथम सूचना

**( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-1क )**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक **1. श्रीमति अमिता बाई कोल, पत्निश्री रामविश्वास कोल, पता नचन गंज, पोस्ट गंज, जिला पन्ना** द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-1क के तहत उत्खनिपटटा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर **ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 26.02.2021** को प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित होने के उपरांत 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल **http://ekhanij.mp.gov.in** पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला. | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | इछावर | आबिदाबाद | 200/1 | 4.000 हे. | शासकीय | क्रशर हेतु पत्थर | कुल रकबा 40.575 हे. में से. 4.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। |
| | | | **कुल रकबा** | **40.575 हे.** | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इक्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथी तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सथी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

जी/18716/25

उप संचालक
( खनिज प्रशासन )
जिला-सीहोर ( म.प्र. )

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com